दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 300 जयपुर, सोमवार, 09 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# एक संकल्प और समर्पण

## जो कहा, वह किया

## योजनाएं, जिनसे प्रदेशवासियों के जीवन में आया बदलाव

### मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना

प्रत्येक प्रदेशवासी को 25 लाख रुपये का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा



मुझे किडनी की बीमारी थी। चिरंजीवी योजना के कारण किडनी ट्रांसप्लांट का महंगा इलाज संभव हो पाया और मेरी जान बच गई।

कौशल्या

### महात्मा गांधी न्यूनतम आय गारंटी योजना

न्यूनतम 1000 रुपये प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं प्रति वर्ष 15 % की बढ़ोतरी
इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 125 दिन का रोजगार
मनरेगा में 125 दिन का रोजगार




पेंशन के रूप में 1000 रुपये मिलने से मुझे बड़ी सहायता मिली है। मैं चाहता हूं कि राज्य सरकार ऐसे ही काम करती रहे।

लाला राम कुमावत

### ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS)

राजस्थान में 1 जनवरी 2004 और इसके बाद नियुक्त हुए कार्मिकों के लिए पूर्व पेंशन योजना (OPS) लागू



मैं रिटायर हो चुकी हूं। ओल्ड पेंशन स्कीम शुरू होने से मुझे बड़ी खुशी हुई है। इस योजना को शुरू करने के लिए मैं राजस्थान सरकार को धन्यवाद देती हूं। इससे मेरा जीवन अच्छे से व्यतीत होगा।

राजकुमारी जैन

### महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल

राज्य में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के माध्यम से गुणवत्ता युक्त शिक्षा



महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के कारण अब मैं सबके सामने अच्छी इंग्लिश बोल पाती हूं और मेरा आत्मविश्वास भी काफी बढ़ गया है। इससे मैं और मेरे माता-पिता बहुत खुश हैं।

सलोनी

### इन्दिरा रसोई

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 8 रुपये में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन



मैंने कोचिंग के दौरान दोनों टाइम इंदिरा रसोई में खाना खाया। यहां अच्छी क्वालिटी का भोजन मिला। इस योजना से मेरे जैसे विद्यार्थियों और जरूरतमंदों को बहुत फायदा मिल रहा है।

चेतना

### अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना

फ्री राशन



महंगाई के इस दौर में राजस्थान सरकार हमें फ्री राशन किट दे रही है। इससे परिवार चलाने में काफी मदद मिल रही है। मैं बहुत खुश हूं। अब अपनी और अपने बच्चों की जरूरतों को ढंग से पूरा कर पाती हूं।

इंद्रा देवी

### इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना

1150+ रु सिर्फ 500 रु में
76 लाख परिवारों के लिए



अब 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलने से बहुत फायदा हुआ है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुत अच्छी योजना शुरू की है। इससे गरीबों का बहुत भला हुआ है।

सरजू देवी

### बिजली बिल शून्य

प्रति माह किसानों को 2000 यूनिट बिजली फ्री
प्रतिमाह घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री



राज्य सरकार द्वारा खेती के लिए 2000 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है। इससे बिजली का बिल शून्य हो गया है। इसके लिए मैं राज्य सरकार को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

तेजा राम

राजस्थान संवाद



"मेरी कामना है कि राजस्थान की ये जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में लागू हों"

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

सेवा ही कर्म
सेवा ही धर्म

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## जरूरी खबर

### रामविलास की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**जयपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एवं जयपुर संभाग प्रभारी अशोक पारीक के नेतृत्व में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्व. पासवान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और प्रदेश में लोजपा के सहयोग से भाजपा गठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर रूपनारायण सैनी, अशोक जोशी, रामधन मीणा, मेघलाल महावर सहित संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजनीतिक दलों के लिए मांग पत्र जारी किया

**जयपुर।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी रविवार को अनुसूचित जाति के 17.80 प्रतिशत मतदाताओं की ओर से प्राप्त सुझावों पर प्रदेश के विधानसभा चुनाव–2023 के लिए अपना मांग पत्र राजनीतिक दलों के लिए जारी किया। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में सोसायटी के पदाधिकारियों ने जनसंख्या के अनुपात में समाज को चुनाव में प्रतिनिधित्व देने सहित अन्य मांगे की है। सोसायटी के महासचिव जी.एल.वर्मा एवं संगठन सचिव महेश धावनिया ने बताया है कि प्रदेश और केन्द्र सरकार से अधिकांश मांगे पूर्व में भी की जा चुकी हैं। यह मांगे अनुसूचित जाति वर्ग से प्राप्त सुझावों पर ही आधारित हैं।

### जिला आयोगों के सदस्यों का बढ़ाया वेतनमान



**जयपुर।** जिला आयोगों के सदस्यों का मानदेय बढ़ाकर 44 हजार 500 रुपए एवं राज्य आयोग के सदस्यों का वेतनमान बढ़ाकर 55 हजार 500 किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य एवं जिला आयोगों, उपभोक्ता संरक्षण के सदस्यों के मानदेय में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि राज्य एवं जिला आयोगों के सदस्यों की ओर से लम्बे समय से उनके मानदेय में वृद्धि करने की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राज्य एवं जिला आयोगों के सदस्यों को प्रोत्साहन मिलेगा।

---

**विजन 2030 के सुझाव** घोषणा पत्रों में शामिल करेगी कांग्रेस, 'काम किया दिल से-कांग्रेस फिर से' चलेगा अभियान

# ERCP पर कांग्रेस 16 से भाजपा के खिलाफ निकालेगी यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की राजनीति में सबसे चर्चित विषय ईआरसीपी को लेकर कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को घेरने की तैयारी कर रही है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को मुद्दा बनाकर 16 अक्टूबर से राजस्थान कांग्रेस अपना चुनाव अभियान शुरू करने जा रही है।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस की कोर कमेटी और ईआरसीपी से प्रभावित होने वाले 13 जिलों के प्रमुख कांग्रेस जनों की संयुक्त बैठक वार रूम में हुई। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस यात्रा को लेकर घोषणा करते हुए जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अभियान की शुरुआत बारां जिले से करेगी। इस यात्रा में हर दिनदो जिलों को कवर किया जाएगा।

डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'काम किया दिल से कांग्रेस सरकार फिर से' के नाम से अपना अभियान भी शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी 13 जिलों में बड़ी बैठक करेगी। जिसमें 1 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटाने की योजना है।

### कांग्रेस घोषणापत्र की 98 प्रतिशत पूरी हुई घोषणा

कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि पिछले चुनावों में प्रदेश की जनता से किए गए वादों को कांग्रेस सरकार ने पूरा करने के भरसक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर वर्ग के लिए विकास कार्य हों, गारंटी हो, सभी समाज का बोर्ड हो, पिछले घोषणा पत्र में की गई 98% घोषणाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में घोषणा पत्र के लिए मिशन 2030 में आए सुझावों को आधार मानेंगे। डोटासरा ने कहा कि जनता की राय के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है और कांग्रेस पार्टी इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ये विकास कार्य कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए 70 साल में जितना काम हुआ, उससे ज्यादा काम 5 साल में राजस्थान की जनता के लिए।

### आज से शुरू करेंगे जनसम्पर्क

ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करने के विरोध में योजना से प्रभावित होने वाले जिलों में भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। डोटासरा ने बताया कि सोमवार से 15 अक्टूबर तक प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पदाधिकारी 13 जिलों में अपने-अपने क्षेत्र में जाकर तैयारी करेंगे और जनसंपर्क अभियान में लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

### यह हुए बैठक में शामिल

बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश सह प्रभारी अमृता धवन, वीरेंद्र सिंह राठौड़ सहित इन 13 जिलों से आने वाले मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक और एआईसीसी पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**मिशन फतह राजस्थान अभियान** में जुटी भाजपा

# केंद्रीय मंत्री प्रधान ने CM की बूढ़े शेर से तुलना करते हुए कसा तंज

■ कार्यकर्ताओं व सोशल मीडिया वॉलंटियर्स के साथ किया संवाद

**बेधड़क** | जयपुर

एक दिवसीय प्रवास पर रविवार को जयपुर आए केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया। इस दौरान भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए प्रधान ने सीएम अशोक गहलोत की तुलना बूढ़े शेर से करते हुए एक कहानी सुनाई।

प्रधान ने गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर सरकार रिपीट करने के दावों पर ओडिशा की एक लोककथा सुनाई और कहा कि राजस्थान की लोककथाओं का ज्यादा अभ्यास नहीं हैं। मैं ओडिशा से आता हूं, हमारे यहां की एक कहानी है।

जब शेर बूढ़ा हो जाता है और शिकार नहीं कर पाता है तो एक नदी के किनारे कई सारी चीजों का पिटारा लेकर बैठता है। वो कहता है कि मैं आजकर साधु हो गया हूं और शिकार नहीं करता, जो मेरे पास आएगा, उसे सोने की कंकर दूंगा। अभी गहलोत साहब की हालत ऐसी हो गई है और कांग्रेस पार्टी उससे खराब हो गई हैं। वहीं प्रधान ने सरकार गिराने के आरोपों को लेकर कहा कि गहलोत व सचिन का मामला उनके घर का विषय हैं। इसमें धर्मेन्द्र प्रधान कहां से बीच में आ गया।



### गहलोत एक भ्रष्ट शासन करने वाले मुख्यमंत्री

प्रधान ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण के सारे पैरामीटर तोड़ दिए। बहुमत पाने के बाद भी कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी कलह की वजह से गहलोत एक भ्रष्ट शासन करने वाले मुख्यमंत्री कहलाने लगे हैं। राजस्थान के लोगों ने उनके लंबे समय के अनुभव पर भरोसा करके वोट दिया था, लेकिन आज सबसे ज्यादा किसी ने निराश किया, किसी ने राजस्थान की नई पीढ़ी को गुमराह किया तो उसके लिए केवल वर्तमान सीएम गहलोत जिम्मेदार हैं। इससे पहले मंत्री प्रधान ने मानसरोवर में भाजपा की संभाग स्तरीय बैठक का शुभारंभ किया। वहीं इसके बाद सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स से संवाद किया।

### भाजपा के पक्ष में मन बना चुकी जनता

प्रधान ने कहा कि राजस्थान की राजनीति को राजनीति शास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मैं नजदीक से देख रहा हूं। भाजपा के कार्यकर्ता के नाते ही नहीं बल्कि राजस्थान को पिछले कई सालों से राजनीतिक विश्लेषण करते हुए मैं जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि राजस्थान की जनता भाजपा के पक्ष में मन बना चुकी है। कांग्रेस पार्टी बड़े-बड़े वादे और दावे करके सत्ता में आई थी। आज कांग्रेस के पास बहुमत होने के बावजूद भी यह सरकार अस्थिर, बिना निर्णय लेने वाली, भ्रष्ट और दिशाहीन सरकार दे पाई है। राजस्थान महिला सशक्तिकरण, मर्यादा और महिला गौरव के लिहाज से परंपरागत विरासत के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रांत है। कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में महिलाओं पर सबसे ज्यादा उत्पीड़न के मामले हुए हैं, इसका प्रमुख कारण है रसूखदार लोगों का बलात्कार की घटनाओं में शामिल होना जिसमें सत्ताधारी मंत्री और विधायक के पुत्र के नाम हैं। शासन में बैठे हुए नेतृत्व करने वाले लोगों के भीतर कोई नैतिकता नहीं बची है, ऐसी स्थिति में ये लोग प्रजा को कैसे दिलासा देंगे। राजस्थान में विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों जिसमें एससी-एसटी समाज का उत्पीड़न सबसे ज्यादा हुआ है, इन दिनों में जो खबरें छपी हैं इसलिए मैं राजस्थान को लेकर चिंता प्रकट करता हूं।

### उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ और वरिष्ठ नेता ओम माथुर में हुई मंत्रणा

वहीं रविवार को उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व वरिष्ठ नेता ओम माथुर में कई देर तक मंत्रणा हुई। इसके बार शनिवार को जयपुर आए माथुर फिर से दिल्ली लौट गए। माथुर ने इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से मंत्रणा की थी।

---

**सीएम की** प्रदेशवासियों को सौगातें

# पेयजल राहत के लिए 21 हजार 613 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में आमजन को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में 7 वृहद जलापूर्ति परियोजनाओं के लिए 21 हजार 613 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार, इन 7 पेयजल परियोजनाओं के द्वारा प्रदेश के 4,63,580 घरों में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन दिए जा सकेंगे।

कालीतीर परियोजना के तहत 709.41 करोड़ रुपए की लागत से धौलपुर एवं भरतपुर जिलों के 470 गांवों में चम्बल नदी का पानी पहुंचाकर पेयजल कनेक्शन दिए जा सकेंगे। साथ ही, अलवर एवं भरतपुर जिलों के 1,237 गांवों को 5374.15 करोड़ रुपए की लागत से वृहद पेयजल परियोजना के तहत चम्बल नदी के पानी के द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त 3990.08 करोड़ रुपए की लागत से करौली एवं सवाई माधोपुर जिलों के 1,426 गांवों को वृहद पेयजल परियोजना के तहत चम्बल नदी के पानी से पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी।

जाखम बांध के 1,473 गांवों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए 3529.90 करोड़ रुपए का प्रावधान भी प्रस्ताव में किया गया है।

### 100 करोड़ से होगा बेणेश्वरधाम का विकास

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डूंगरपुर स्थित बेणेश्वर धाम के समग्र विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। बेणेश्वर धाम में पर्यटन विकास कोष के माध्यम से 3 चरणों में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में जल जीवन मिशन के तहत राज्यांश से 476.36 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी है। वहीं सैनिक कल्याण भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। यह कार्य राजस्थान राज्य सड़क विकास निर्माण निगम द्वारा कराया जाएगा।

---

### चारण समाज ने सीएम का जताया आभार



**जयपुर।** चारण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। आयुदान सिंह कविया के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने श्री करणी चारण एवं डिंगल साहित्य शोध, संरक्षण एवं विकास बोर्ड के गठन के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

आचार संहिता से पहले पुलिस और प्रशासन के अधिकारी इधर-उधर

# पांच आरएएस अधिकारियों के तबादले

**बेधड़क** | जयपुर

कार्मिक विभाग ने शनिवार देर शाम 5 प्रशासनिक अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। छोगाराम देवासी को एसीईओ उदयपुर स्मार्ट सिटी लि. उदयपुर, कीर्ति राठौड़ को सीईओ जिला परिषद उदयपुर, डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर को उपखंड अधिकारी, नारायणपुर (कोटपूतली-बहरोड़), रजनी माधीवाल को उप निदेशक (विश्व खाद्य कार्यक्रम) समेकित बाल सेवाएं जयपुर, सुमन शर्मा को सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, प्रशासनिक सुधार विभाग, अजमेर में लगाया गया हैं।

### पुलिस कमिश्नरेट में हुए 8 पुलिस निरीक्षकों के तबादले

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार रात को 8 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किए हैं। सूची के अनुसार महावीर यादव को थानाधिकारी मानसरोवर, राजकुमार मीणा को थानाधिकारी ज्योति नगर, दलबीर सिंह को थानाधिकारी जवाहर सर्किल, रणजीत सिंह को थानाधिकारी बजाज नगर, राण सिंह को थानाधिकारी बस्सी, अरविन्द सिंह को कार्यालय पुलिस आयुक्त, रामकिशन देथा को रिजर्व पुलिस लाइन, कैलाश कुमार बिश्नोई को रिजर्व पुलिस लाइन में लगाया गया हैं। वहीं भगवान सहाय थानाधिकारी कानोता का स्थानांतरण निरस्त किया गया हैं।

### पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी बदले

राजस्थान पुलिस सेवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों का शनिवार देर रात स्थानांतरण किया गया हैं। इसमें राजेश चौधरी को अति पुलिस अधीक्षक, चूरू, रविन्द्र सिंह को सीआईडी (एसएसबी) जोन कोटा, राजेन्द्र कुमार वर्मा को कमांडेंट, 13 वीं बटालियन, जेल (सुरक्षा) जयपुर, प्रवीण कुमार जैन को त्वरित इन्वेस्टिगेशन डिस्पोजल टीम बूंदी, जिनेन्द्र कुमार जैन को अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर कोटा में लगाया हैं।

---

**भाजपा नेताओं ने मांगा गृह मंत्री से त्यागपत्र**

# महिला अपराधों की रोकथाम के लिए राज्यपाल ने CM को लिखा पत्र

■ शाम को राजभवन में राज्यपाल से मिलने पहुंचे सीएम गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में महिला अपराधों के खिलाफ सरकार की ओर से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, सांसदों और विधायकों ने रविवार को राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन सौंपा।

इसके बाद राज्यपाल कलराज मिश्र ने संज्ञान लेते हुए प्रदेश में महिला अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कार्रवाई करने को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा। पत्र लिखने के कुछ घंटे बाद ही सीएम गहलोत राजभवन पहुंचे और उन्होंने राज्यपाल मिश्र से मुलाकात की। इसके बाद वह सीडब्लूसी की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए। दोनों के बीच कई मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। हालांकि इसके बाद सीएम ने लिखा कि राज्यपाल से मुलाकात में प्रदेशवासियों के हित के कई मुद्दों पर विमर्श किया।



### प्रदेश में अपराधों की बाढ़: राठौड़

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के अंदर महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों की बाढ़ आ गई है। अपराध कारित करने के बाद अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आते नहीं और जो गिरफ्तार हो जाते हैं उनका चालान प्रस्तुत नहीं होता। एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच लंबे समय तक विचाराधीन रहती है, प्रदेश में कुल जितने अपराध कारित हुए हैं, उसमें से मात्र 6 महीने में 33 प्रतिशत मामलों में चालान प्रस्तुत हुआ है। मुख्यमंत्री खुद प्रदेश के गृहमंत्री है, इसलिए हमने संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन देकर गृहमंत्री से त्यागपत्र देने की मांग की और दखल देने की मांग की हैं। ज्ञापन देने वाले नेताओं में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, रामचरण बोहरा, डॉ. अल्का सिंह गुर्जर, नारायण पंचारिया, कालीचरण सर्राफ सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



प्रदेश कार्यालय से भाजपा नेता राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि पिछले 48 घंटे के अंदर राजस्थान में 13 स्थानों पर महिला अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। हर 48 घंटे में प्रदेश के किसी न किसी कोने में महिला उत्पीड़न की लोमहर्षक घटना घटित हुई है। पीपलखूंट के अंदर दो पढ़ने वाली बच्चियों को बदमाशों द्वारा प्रताड़ित किया गया। इससे परेशान होकर दो बार पुलिस को शिकायत दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे तंग आकर दोनों बच्चियों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 300 | जयपुर, सोमवार, 09 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## अफगानिस्तान में धूजी धरती: एक के बाद एक भूकंप के 6 झटके, हजारों घर ध्वस्त

# तबाही में 2,050 से ज्यादा लोगों की मौत... 9,240 घायल



एजेंसी | काबुल

अफगानिस्तान शनिवार को भूकंप के झटकों से दहल गया। एक के बाद एक लगातार पांच झटकों ने कई इमारतों और दीवारों को जमींदोज कर दिया। तालिबान के प्रवक्ता का कहना है कि अफगानिस्तान के पश्चिम में शक्तिशाली भूकंप में लगभग 2053 लोगों की मौत हो चुकी है। पश्चिमी अफगानिस्तान में ईरानी सीमा के पास आए इस शक्तिशाली भूकंप की वजह से 9,240 लोग घायल हुए हैं, जबकि भूकंप से 1,328 घर पूरी तबाह हो गए हैं। वहीं, हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई है। यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के सबसे बड़े शहर हेरात से 40 किलोमीटर नॉर्थ वेस्ट में था। तालिबान ने अब दुनिया के सामने मदद के लिए हाथ फैला दिए हैं। इसे अफगानिस्तान में बीते चार दशकों की सबसे बड़ी तबाही बताया जा रहा है। भूकंप आने के बाद लोग अपने घरों और दुकानों को छोड़कर भागने लगे। सोशल मीडिया पर दहशत के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। हेरात के रहने वाले बशीर ने बताया, हम लोग उस व क्त ऑफिस में थे। अचानक इमारत हिलने लगी। उन्होंने एएफपी से कहा, भूकंप इतना तेज था कि दीवार का प्लास्टर गिरने लगा और दीवारों में दरार आ गई। इसके अलावा इमारत का कुछ हिस्सा ढह भी गया।

**भूकंप का केंद्र हेरात शहर से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था**

**चार बड़े झटकों की तीव्रता**

**6.3 | 6.3 | 5.9 | 5.5**

### कई गांव हो गए तबाह

भूकंप ने हेरात शहर से लगभग 40 किमी दूर तक कई गांवों को तबाह कर दिया है। हजारों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और लोग अभी भी मलबे के ढेर में फंसे हुए हैं। लोगों द्वारा कम से कम तीन शक्तिशाली झटके महसूस किए गए। जिंदा बचे लोगों ने खौफनाक मंजर का वर्णन किया जब कार्यालय की इमारतें पहले हिलीं और फिर उनके चारों ओर ढह गईं।



**तीन बड़े, फिर कुछ हल्के झटके आए:** आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल्ला जान ने कहा कि हेरात प्रांत के जेंडा जान जिले के चार गांवों को भूकंप और उसके बाद के झटकों से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केंद्र हेरात शहर से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में था। इसके बाद तीन बहुत तेज झटके आए, जिनकी तीव्रता 6.3, 5.9 और 5.5 थी, साथ ही कम झटके भी आए। बता दें कि हेरात को अफगानिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाता है। यहां लगभग 19 लाख लोग रहते है। बीते साल जून में भी अफगानिस्तान में आए भूकंप में कम से कम 1000 लोगों की मौत हो गई थी।

**बड़ा इलाका भूकंप संभावित:** अफगानिस्तान का बड़ा इलाका भूकंप संभावित है। हिंदुकुश पर्वत शृंखला में यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों के अभिसरण की वजह से यहां भूकंप अक्सर आता रहता है। कई बार हिंदुकुश के भूकंप का असर भारत के दिल दिल्ली तक होता है।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस CWC की बैठक आज, गहलोत लेंगे हिस्सा





**जयपुर।** दिल्ली में सोमवार को होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में महिला आरक्षण अधिनियम, जातिगत जनगणना आदि मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में भाग लेने के लिए सीएम अशोक गहलोत रविवार रात को दिल्ली पहुंच चुके हैं। बता दें, कांग्रेस ने गत दिनों हैदराबाद में सीडब्ल्यूसी की बैठक की थी। जिसमें पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में स्पष्ट जनादेश प्राप्त करने के बारे में बातचीत की थी।

### लैब टेक्निशियन व रेडियोग्राफर का वर्दी भत्ता बढ़ा

**जयपुर।** लैब टेक्निशियन और रेडियोग्राफर कर्मचारियों को अब 2,250 रुपए के स्थान पर 2,750 प्रतिमाह रुपए वर्दी भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में एक प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से लैब टेक्निशियन एवं रेडियोग्राफर संवर्ग के कर्मचारियों को भी नर्सिंग कर्मचारियों के समान वर्दी भत्ता मिल सकेगा।

### साइबर क्राइम के लिए जयपुर में होगा पुलिस का हैकाथॉन




**जयपुर।** प्रदेश में साइबर क्राइम की चुनौतियों पर लगाम लगाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा हैकाथॉन करवाया जाएगा। गहलोत ने हैकाथॉन के लिए 1.98 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसमें देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी, स्टार्ट-अप्स और प्रोफेशनल्स अन्य टेक्नोलॉजी का उपयोग करके साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत, सुरक्षित और प्रभावी तकनीकी समाधान ढूंढने के लिए हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में देशभर से 200 से अधिक टीमें भाग लेंगी। हैकाथॉन में विभिन्न विषयों पर सत्र और एक्सपो भी प्रस्तावित हैं।

## किसानों पर सियासत: BJP के पोस्टर में दिखा किसान मिला CM से

# माधुराम के 'चेहरे' पर चुनाव लड़ेगी भाजपा: CM गहलोत

### बुजुर्ग किसान माधुराम बोले... भाजपा ने बेईमानी की, वह भुगतेगी

### इधर, आत्महत्या करने वाले किसान की विधवा और बच्चे पहुंचे भाजपा कार्यालय

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही एक बार फिर किसानों पर सियासत शुरू हो गई है। अब भाजपा और कांग्रेस ने किसानों के मुद्दे पर सियासत शुरू कर दी है। भाजपा ने अपने पोस्टर में जिस किसान का फोटो लगाकर उसकी जमीन कर्ज से नीलाम होने का दावा किया था, उस किसान माधुराम जयपाल और उनके बेटे भूराराम ने जैसलमेर के रामदेवरा स्थित रिखियों की ढाणी से जयपुर पहुंच सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात की। माधुराम ने सीएम से कहा कि उस पर एक रुपया भी कर्ज नहीं है। सीएमआर पर हुई मुलाकात का गहलोत ने पूरा वीडियो जारी किया है। दूसरी ओर, भाजपा ने सीएम की इस मुलाकात पर पलटवार करने के लिए रविवार को जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय पर संपूर्ण कर्जमाफी के नाम पर कांग्रेस सरकार के छलावे का शिकार हुए पीड़ित किसानों को बुलाया।




### भाजपा की नीयत सामने आ गई: मुख्यमंत्री

भाजपा की ओर से पोस्टर में किसान माधुराम का फोटो लगाए जाने पर सीएम गहलोत ने भाजपा पर तंज कसा। गहलोत ने कहा कि इस घटना से भाजपा का चाल, चरित्र और नीयत स्पष्ट हो गई है। अब भाजपा वाले किसान माधुराम के चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे। सीएम ने कहा कि भाजपा के पोस्टर में जिस किसान का जमीन कुर्क के नाम पर फोटो लगाया गया, वो किसान मुझसे मिला। उसने मुझसे कहा कि भाजपा वालों ने मेरी फोटो लगाकर मेरी बेइज्जती की है। मेरी कोई जमीन कुर्क नहीं हुई और ना ही मैंने कोई लोन लिया है। यह भाजपा की हकीकत है। किसान के बेटे ने कहा कि नाम बदनाम हो गया। सब लोग बोलते हैं कि तुम्हारी जमीन गई, नीलाम हो गई। गांव-गांव में फोटो लगा दी। जिस पर गहलोत ने आश्वासन दिया कि चिंता मत करो। आपके जितने भी पोस्टर लगे हैं। सब हटवा देंगे। किसान ने कहा कि मैंने भाजपा के सामने हाथ जोड़ लिए। भाजपा ने बेईमानी की है तो वो भुगतेगी।

### गरीब किसान की जमीन नीलाम कर रहे सीएम: किसान




इधर, भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे किसानों ने सीएम गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीएम 200 बीघा वाले किसानों को घर बुलाते हैं और गरीब किसान की जमीन नीलाम कर रहे हैं। नीलामी से तंग आकर आत्महत्या करने वाले एक किसान की पत्नी और बच्चों ने किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद भागीरथ चौधरी को रोते हुए बदहाली की व्यथा सुनाई। कई किसानों के हाथों में जमीन नीलामी के सरकारी नोटिस भी थे, जिसमें नीलामी के आदेश जारी किए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने किसानों की पीड़ा सुनी और कहा कि सीएम को 2 दिन पहले बड़ी दिक्कत हुई, जब प्रतीकात्मक रूप से किसान के साथ भाजपा ने इश्तिहार जारी किया। उसमें कहा गया कि 19 हजार 600 किसानों की जमीनें कुर्क हुई हैं। कांग्रेस के लोगों ने उस किसान से जबरदस्ती कहलवाया कि मेरी भूमि नीलाम नहीं हुई।

## वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का विजयी आगाज

## AUS 199-IND 201/4... टॉस: ऑस्ट्रेलिया

# मुश्किल से निकाल विराट और राहुल ने दिलाई जीत

### केएल राहुल 97* विराट 85

### विकेट-जडेजा 3, कुलदीप 2, बुमराह 2

एजेंसी | चेन्नई

मेजबान भारत ने क्रिकेट के महाकुंभ यानी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जीत के साथ आगाज किया। चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

5 बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया इस मैच में 50 ओवर भी नहीं खेल पाई। टॉस जीत पहले खेलते हुए कंगारुओं ने 49.3 ओवर में 199 पर ढेर हो गए और मेजबान भारत को 200 रन का लक्ष्य दिया। टीम के सिर्फ दो बैटर ही 40+ स्कोर कर पाए। स्टीव स्मिथ ने 5 चौके की मदद से सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। वहीं, डेविड वॉर्नर ने 6 चौके की मदद से 41 रन बनाए। भारत के गेंदबाज रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए, जबकि कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने 52 गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।



### मझधार में फंसी टीम को लगाया पार

टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मात्र 2 रन 3 धाकड़ बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद विराट कोहली और केएल राहुल ने तीसरे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी कर न केवल टीम को संभाला, बल्कि टीम को जीत के करीब भी पहुंचाया। कोहली ने 85 रन की, जबकि केएल राहुल ने 97 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों के बीच चौथे विकेट की 165 रन की साझेदारी हुई। छक्का मार जीत टीम को दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए।

## किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स तहत सहायता

# गहलोत ने किए 1,125 करोड़ मंजूर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश सरकार किसानों के हित संरक्षित करने और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसलों के नुकसान के लिए किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के तहत तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए 1 हजार 125 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश में बाढ़, शीतलहर और ओलावृष्टि से हुए काश्तकारों के फसलों के नुकसान के लिए तत्काल सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही, 2,130 संवेदनशील स्थानों पर पोर्टेबल लाइटनिंग डिवाइस/लाइटनिंग एरिस्टर लगाने सहित कई कार्य कराए जाएंगे।



**विधानसभा चुनाव-2023**

# आदर्श आचार संहिता का काउंटडाउन शुरू, कभी भी ऐलान संभव

- किसी अधिकारी या कर्मचारी के तबादले और तैनाती पर रहेगा प्रतिबंध
- सरकार की कुछ योजनाएं अटकेंगी तो कुछ पर असर नहीं
- सीधे चुनाव आयोग के हाथों में चला जाएगा प्रशासन का पूरा नियंत्रण

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा ले जा चुका भारत निर्वाचन आयोग इस सप्ताह कभी भी आदर्श आचार संहिता की घोषणा कर सकता हैं। ऐसे में प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद सरकारी कार्यों, योजनाओं सहित अन्य कामकाज निर्वाचन विभाग के जिम्मे होगा। आचार संहिता लगने के 72 घंटे में पालना कराने की बड़ी जिम्मेदारी निर्वाचन विभाग की होगी। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लगने के पहले 24 घंटे में प्रोटोकॉल के अनुसार सरकारी विभागों और सरकारी संस्थाओं को नियमों की अनुपालना करनी होगी। अगले 48 घंटे में पब्लिक और प्राइवेट पैलेस से चुनावी बैनर-पोस्टर हटाए जाएंगे। इस प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं।




### रैली से पहले लेनी होगी अनुमति

विधानसभा चुनावों की आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रदेश में सरकार की कई योजनाओं पर तलवार लटकेगी, जबकि कुछ ऐसी योजनाएं भी हैं, जिन पर आचार संहिता लागू होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अधिकारियों की मानें तो ऐसी योजनाएं, जिनकी वित्तीय स्वीकृति तो हो गई, मगर काम नहीं शुरू हो सका, वह अटक जाएंगी, लेकिन जो काम जो शुरू हो चुके हैं, नहीं रुकेंगे। वहीं, सरकारी गाड़ी, सरकारी विमान या सरकारी बंगले का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाएगा। वहीं, किसी भी तरह की सरकारी घोषणा, लोकार्पण और शिलान्यास आदि नहीं होगा। किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी, राजनेता या समर्थकों को रैली करने से पहले पुलिस से अनुमति लेनी होगी। किसी भी चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे।

### नहीं कोई सरकारी निविदा

आचार संहिता लगते ही न तो कर्मचारियों का तबादला होगा ना ही जॉइनिंग। साथ ही, लंबे अवकाश के लिए निर्वाचन विभाग से अनुमति लेनी जरूरी होगी। निर्वाचन के आयोजन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए सभी अधिकारियों/पदाधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती पर संपूर्ण प्रतिबंध होगा। यदि किसी अधिकारी का तबादला या तैनाती आवश्यक मानी जाती है तो आयोग की अनुमति ली जाएगी। प्रशासन का पूरा नियंत्रण सीधे चुनाव आयोग के हाथों में चला जाएगा। वहीं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों का अधिकार सीमित हो जाएगा।

**दिसंबर के पहले सप्ताह में होने हैं चुनाव:** भाजपा की जयपुर संभागीय बैठक में भाग लेने आए केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में चुनाव होने हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया कि राजस्थान में अगले पचास दिन में भाजपा सत्ता में आएगी।

## जरूरी खबर

### विदेश में काव्य पाठ के लिए डॉ. कविता का किया सम्मान



**पाली।** फालना की कवियत्री डॉ. कविता किरण का अणुवत लेखक संघ की ओर से सम्मान किया गया। इनको यह सम्मान हिंदी दिवस पर अमेरिका में भारतीय दूतावास, न्यू यार्क एवं न्यूजर्सी में कविता पाठ के लिए दिया गया है। संघ की अध्यक्ष सुबुद्धि समदड़िया, सचिव प्रियंका चौपड़ा ने डॉ. कविता का शाल ओढ़कर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी कई रचनाएं भी पेश कर श्रोताओं को आनंदित कर दिया। उन्होंने नारी शक्ति पर भी कविता पाठ किया। इस मौके पर डॉ. कविता ने कहा कि पाली जिले का नाम विदेशों में हुआ इसका मुझे गर्व है।

### दस हजार के ईनामी आरोपी को सीआईडी ने दबोचा

**धौलपुर।** पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र में 10 हजार के एक और ईनामी डकैत को पकड़ा है। गिरफ्तार अशोक कुमार (32) थाना बसेड़ी के मुडीक गांव का रहने वाला है। आरोपी डकैती और आर्म्स एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। घटना के समय आरोपी नाबालिग था। आरोपी के बारे में कांस्टेबल नरेश कुमार को सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना सत्यापन के बाद डीएसटी की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। इससे पूर्व शनिवार को डीएसटी ने 10 हजार के इनामी कैलाशी गुर्जर को पकड़ा था। डीएसटी अपने मामले में दोनों आरोपियों को लेकर रवाना हो गई है।

### बॉक्सर चेतन गुर्जर ने जीता कांस्य पदक



**टोंक।** उदयपुर में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टोंक जिले के बॉक्सर चेतन गुर्जर ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। बॉक्सिंग कोच राजेश खटीक तिलांजू ने बताया कि चेतन गुर्जर ने 46-48 किलोग्राम वजन में कांस्य पदक जीता है। पदक जीतने पर टोंक जिला फिजिकल डिप्टी रामप्रसाद मीना ने भी चेतन गुर्जर व प्रशिक्षक राजेश खटीक को शुभकामनाएं दी है। चेतन ने जयपुर ग्रामीण के छात्र विक्रम चौधरी को हराकर कांस्य पदक जीता है।

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजा जाएगा दावा,** हरिसेवा धाम में दो दिन से चल रही थी तैयारी

# 20 फीट लंबे बेलन से 12 हलवाइयों ने बनाई सबसे बड़ी रोटी

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

शहर में रविवार को एक अनूठा आयोजन हुआ। इसके तहत 185 किलो की रोटी तैयार की गई। दावा किया जा रहा है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी रोटी है। रोटी को तैयार करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई, जिसे वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए भेजा जाएगा। खास बात ये है कि इस रोटी को बनाने के लिए दो दिनों से तैयारियां चल रही थीं।

राजस्थान सहित गुजरात और महाराष्ट्र के हलवाइयों ने मिलकर इसे तैयार किया। भीलवाड़ा शहर के हरिसेवा धाम में महामंडलेश्वर संत हंसराम के सानिध्य में करीब पांच घंटे कड़ी मशक्कत के बाद इसे बनाया गया। रविवार सुबह 10:30 बजे से आश्रम के पीछे बने मैदान में 22 लोगों ने मिलकर आटा गूंथना शुरू कर दिया था। दोपहर साढ़े 3 बजे तक ये रोटी सिककर तैयार हुई।

इस रोटी को पकाने के लिए करीब 20 लीटर घी काम लिया गया। रोटी का वजन करीब 185 किलोग्राम हैं। रोटी को सेकने के लिए लोहे का तवा भी एक हजार किलोग्राम वजन हैं। वहीं, 20 फीट लंबे लोहे के पाइप का बेलन तैयार किया गया।



### गूंथने और बेलने में लगे 2 घंटे

हलवाइयों ने सुबह सबसे पहले आटा गूंथना शुरू किया। आटे के साथ इसमें मैदा और घी भी मिलाया गया था। पहले आटे को छोटे-छोटे हिस्सों में गूंथा गया था। इसके बाद गूंथे आटे को सीधे तवे पर ही बेला गया था। इसके बाद संतों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चूल्हे पर रोटी को सेंकने का प्रोसेस शुरू किया था। इसके बाद करीब 4:30 घंटे के अंतराल में विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाकर तैयार की गई। रोटी को बनाने के लिए एक हजार ईंटों की बेस से एक 12×16 का चूल्हा तैयार किया गया था। चूल्हे में सबसे नीचे की जगह को खाली रखा गया था। इसमें लोहे की जाली लगाई गई थी। लोहे की जाली पर घास और कोयला डाला गया था।

### रोटी बनाने की प्रक्रिया देखने उमड़े लोग

दुनिया की सबसे बड़ी रोटी को बनते हुए देखने की उत्सुकता लोगों में भी बखूबी दिखाई दी। इस प्रक्रिया को देखने के लिए सुबह से ही हरिसेवा धाम में सुबह से ही लोग जुटने लगे थे। जानकारी के अनुसार राजस्थानी जन मंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने अपने जन्म दिवस के मौके विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने की योजना बनाई। उन्होंने सनातन संस्कृति में केक नहीं काटकर पंचकुट्ट की सब्जी के साथ विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने की योजना बनाई थी।

**बादल फटने से तीस्ता नदी में आई** बाढ़ में बह गए थे जवान

# सिक्किम में शहीद हुए प्रदेश के दो सपूतों को दी अंतिम विदाई

**बेधड़क** | करौली/सीकर

सिक्किम में 3 अक्टूबर की रात को बादल फटने से आई बाढ़ में राजस्थान के करौली और सीकर जिले के दो सपूत शहीद हो गए थे। दोनों सैनिकों की पार्थिव देह रविवार को उनके पैतृक गांव पहुंची, यहां उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार करौली जिले के सैनिक शिवकेश गुर्जर सेना की 420 आर्मी मेडिकल कोर एएमसी लखनऊ में वर्ष 2018 में भर्ती हुए थे। शहीद के चचेरे भाई रमेश चंद गुर्जर ने बताया कि मंगलवार रात को शिवकेश की परिजनों से बात हुई थी।

3 अक्टूबर की रात को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में सेना की गाड़ी में बैठे शिवकेश समेत अन्य जवान बह गए थे। सैनिक अधिकारी आलोक शाह ने कहा कि हादसा सिक्किम में हुआ था। सैनिक की पार्थिव देह भारत बांग्लादेश के बॉर्डर पर मिली। पार्थिव देह नदी से बहती हुई नीचे आ गई थी, जो कि बांग्लादेश बॉर्डर पर मिली। रविवार को पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो पूरा गांव शोक में डूब गया। शहीद की अंतिम यात्रा से पहले युवाओं ने एक किलोमीटर तक बाइक रैली निकाली और शहीद के सम्मान में नारे लगाए। इसके बाद सैन्य सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। गंगापुर सिटी जिला कलेक्टर अंजली राजोरिया, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, टोडाभीम डीएसपी अमरसिंह मीना सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद तीन वर्ष के बेटे रुद्र ने शहीद को मुखाग्नि दी।

शहीद शिवकेश का एक छोटा भाई है, जो सेना में जाने की तैयारी कर रहा है। शहीद के पिता हवलदार लेखराज पूर्व सैनिक हैं। शहीद शिवकेश की तीन बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।





### सीकर में शहीद हुए सपूत के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

सिक्किम में आई बाढ़ के दौरान सेना का कैंप ढहने से शहीद हुए सीकर के पलसाना इलाके के माजीपुरा निवासी हवलदार सज्जन सिंह खीचड़ की पार्थिव देह रविवार को उनके पैतृक गांव मांजीपुरा पहुंची। उनका भी यहां पूरे राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। शहिद की पार्थिव देह सुबह जयपुर से रवाना होकर मंढा मोड़ पहुंची, जहां से तिरंगा यात्रा के साथ भारत माता के जयकारों के बीच शहीद के गांव तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा बाइक पर सवार होकर शहीद के सम्मान में जयकारे लगाते चल रहे थे। निवास पर शहीद के अंतिम दर्शन के बाद गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके बेटे ने मुखाग्नि दी।

### पानी में हुए थे लापता

शहीद हवलदार सज्जन सिंह खीचड़ 18 महार रेजीमेंट में तैनात थे। जानकारी के अनुसार खीचड़ अपनी यूनिट के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रवार बारडांग में तैनात थे। गत 4 अक्टूबर को सीवी ग्राउंड पर अचानक आई बाढ़ के दौरान वे भी अपने सैनिकों को निकालने में जुटे थे। इसी दौरान सज्जन सिंह पानी के बहाव में लापता हो गए थे। बता दें कि सिक्किम में 3 अक्टूबर की रात बादल फटने से तीस्ता नदी में आई बाढ़ की वजह से सेना के 22 जवानों समेत 103 लोग लापता हो गए थे।

**सीने में दर्द** के बाद दम तोड़ा

# हमास के हमले से सदमे में आए इजराइली युवक की मौत

**बेधड़क** | अजमेर

इजरायल पर हमास के हमले की खबर सुनकर पुष्कर घूमने आया एक इजराइली युवक सदमें में आ गया। इसके चलते सीने में दर्द के बाद उसने दम तोड़ दिया। सुबह 10 बजे वह यहूदी धर्मस्थल 'बेद खबाद' में प्रार्थना करने के लिए गया था। इसके बाद वह दोपहर को अपने दोस्तों के साथ पुष्कर के एक रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचा। इस दौरान अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा।

उसके साथी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार इजराइल के तेल अविव में रहने रहने वाला 39 साल का चेन येजेकेल अपने दोस्तों के साथ भारत घूमने आया था। छह अक्तूबर को वह अपने साथियों के साथ पुष्कर पहुंचा था। उधर, हमास के इजराइल पर हमला करने के बाद से वह तनाव में था। रविवार सुबह करीब 10 बजे चेन यहूदी धर्मस्थल 'बेद खबाद' में प्रार्थना के लिए गया था। दोपहर को वह अपने साथियों के साथ एक रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचा था। यहां कुछ देर बाद उसके



उसके सीने में दर्द शुरू हो गया। ये देखकर आस-पास के लोगों ने एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया और उसके साथियों के साथ पुष्कर के राजकीय अस्पताल ले गए। जहां गंभीर हालत होने के कारण डॉक्टरों ने चेन येजेकेल को अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चेन येजेकेल की मौत के बाद उसके साथियों का रो-रोकर बुरा हाल है। चेन के सीने पर उसके साथियों ने उसे सीपीआर देकर बचाने की भी खूब कोशिश की, लेकिन वे उसकी जान नहीं बचा सके। दोस्त को खोने के बाद सभी साथी परेशान हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद चेन के शव को इजरायल भेजा जाएगा।

**'बाहरी भगाओ, वापस जाओ'** के बैनर रहे चर्चा में

# बीसूका उपाध्यक्ष की सभा में खाली रही सीटें, कांग्रेस कार्यकर्ता भी रहे नदारद

**बेधड़क** | मालपुरा

मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी से स्थानीय प्रत्याशी की मांग इतनी तेज हो गई है कि रविवार को डाक बंगला मालपुरा में आयोजित बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान की सभा में लगाई गई अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रही।

वहीं जगह-जगह 'बाहरी भगाओ-वापस जाओ' के लगे बैनर भी चर्चा का विषय बने रहे। क्षेत्र में जहां स्थानीय का मुद्दा हावी है। वहीं लोगों की मांग है कि



स्थानीय उम्मीदवार को टिकट मिलना चाहिए। इसके चलते मालपुरा पहुंचे बिसूका उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान को ही लोगो ने आभार जताते हुए पार्टी को स्थानीय व्यक्ति को ही उम्मीदवार बनाने का ज्ञापन सौंप दिया। यह बात भी शहर में लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। लोगों ने बताया कि मालपुरा जिला बनाने की खुशी है, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी को ही कांग्रेस टिकट दे। बीसूका उपाध्यक्ष की सभा में जहा कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता नदारद दिखाई दिए वहीं कांग्रेस पार्टी से टिकट के दावेदार भी नजर नहीं आए।

इससे साफ दिखाई दे रहा है कि मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस में स्थानीय उम्मीदवार की मांग प्रबल है तथा बाहरी का जमकर विरोध है। लोगो ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मालपुरा को जिला बनाकर एक बहुत बड़ा कार्य किया है।

**शिक्षा कोऑपरेटिव सोसाइटी** का समारोह आयोजित

# मंत्री टीकाराम जूली और रावत ने नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**बेधड़क** | अलवर

ब्राह्मण छात्रावास में रविवार को शिक्षा को-ऑपरेटिव सोसाइटी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली और उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने शिक्षा कोऑपरेटिव सोसाइटी की नई कार्यकारणी को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

नई कार्यकारिणी के लोगों को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत




दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि यह सोसायटी काफी पुरानी सोसायटी है और करीब आठ से दस जिले में शिक्षा कोऑपरेटिव सोसाइटी बेहतर कार्य कर रही है और इस सोसायटी में 2200 से अधिक मेंबर जुड़े हुए हैं। यह सोसायटी शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों को बहुत ही कम दर पर ऋण उपलब्ध करवाती है।

उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि 1938 से शिक्षको के द्वारा बनाई गई। सभी मिलकर फंडिंग कर आपस में एक-दूसरे के सुख-दुख में मदद करते हैं।

**नशे के सौदागरों पर पुलिस सख्त**

# लाखों रुपए कीमत की अफीम और ब्राउन शुगर बरामद, तस्कर गिरफ्तार

### ■ घर में सीढ़ियों के नीचे गड्ढे में बना रखी थी नशा छिपाने की खास जगह

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

नशा करोबार पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। जिले में तीन जगहों नशा कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लाखों रुपए कीमत की नशे की खेप बरामद की है। पहली कार्रवाई जिले की राशमी थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के चित्तौड़िया गांव में की।

यहां एक मकान में दबिश देकर 7 किलो 760 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर आरोपी भगवान लाल जाट (51) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर से मिली 1 लाख रुपए की सन्दिग्ध राशि भी जब्त की गई है। आरोपी ने अपने घर में सीढ़ी के नीचे गड्ढा खोदकर एक ड्रम में अफीम का स्टॉक कर रखा था। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि गश्त के दौरान राशमी थानाधिकारी प्रेम सिंह को कपासन एसएचओ गजेंद्र सिंह ने सूचना दी कि उनके द्वारा डेढ़ किलो ग्राम अफीम के साथ 21 वर्षीय आरोपी रमेश चंद्र उर्फ रामेश्वर जाट को पकड़ा गया है, जिसने चित्तौड़िया निवासी भगवान लाल जाट से अफीम लाना बताया है। सूचना पर आरोपी के घर पर दबिश देकर तलाशी ली गई तो घर में बनी सीढ़ी के नीचे खाली जगह पर गड्ढा खोदकर ड्रम दबाया हुआ था।





इसने 7 किलो 700 ग्राम अफीम प्लास्टिक की थैलियों में स्टॉक कर रखी थी। इस पर आरोपी भगवान लाल जाट को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है। इस कार्रवाई में एसएचओ प्रेम सिंह, एएसआई देवी सिंह, कांस्टेबल मनोज, प्रीतम, पाबूराम, रामकिशन, रामलाल व महिला कांस्टेबल धारणा शामिल थी।

### 1.550 किलोग्राम अफीम और कार जब्त

चित्तौड़गढ़जिले में दूसरी कार्रवाई कपासन थाना पुलिस ने की। पुलिस टीम ने स्विफ्ट डिजायर कार में 1.550 किलोग्राम अवैध अफीम ले जाते हुए बाबरिया खेडा थाना कपासन निवासी 21 वर्षीय रमेश चन्द्र उर्फ रामेश्वर जाट को गिरफ्तार किया हैं। एसपी राजन दुष्यन्त ने बताया कि थानाधिकारी कपासन गजेन्द्र सिंह ने जाब्ते सहित मुखबिर की सूचना पर गावं बाबरिया खेडा में पहुंचकर नाकाबंदी करवाई। इस दौरान संदिग्ध स्वीफ्ट कार को आने पर उसे रोका गया और तलाशी ली गई तो कार में एक प्लास्टिक की थैली में 1 किलो 550 ग्राम अवैध अफीम मिली। इस पर अफीम व स्वीफ्ट कार को जब्त कर आरोपी रमेश चन्द्र उर्फ रामेश्वर जाट को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी रमेश चन्द्र ने पूछताछ में अफीम चितौडिया थाना राशमी निवासी भगवानलाल जाट से लाना बताया।



### 45 लाख की ब्राउन शुगर पकड़ी

चित्तौड़गढ़ में ही तीसरी कार्रवाई मंगलवाड थाना पुलिस ने की। इसके तहत 223.62 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत 45 लाख आंकी गई है। एसपी राजन दुष्यन्त के अनुसार एएसपी बुगलाल मीना के निर्देशन व सीओ बडीसादडी डॉ कृष्णा सामरिया के सुपरविजन में शनिवार को थानाधिकारी मंगलवाड़ रविन्द्र चारण, एएसआई संतोष कुमार, कांस्टेबल करनल सिंह, छोगालाल, मनोज व दिलीपसिंह के साथ गश्त पर थे। गश्त के दौरान चित्तौडगढ उदयपुर सिक्स लेन हाईवे रोड पर राधेकृष्णा गेस्ट हाउस के सामने संदिग्ध दो व्यक्तियों को रुकवा कर तलाशी ली गई तो उनके पास 223.62 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। इसकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए है। इस पर सिरोही जिले के तेलपुर थाना पिण्डवाडा निवासी आरोपी भाइयों सोमाराम भील (20) व कालू राम भील (22) को गिरफ्तार किया गया है।



**जरूरी खबर**

## गृह क्लेश से परेशान पुत्रों ने की पिता की हत्या



जयसिंहपुरा खोर इलाके में रविवार सुबह मिली लाश की पहचान करते हुए पुलिस ने 12 घंटे में मामला खोलते हुए पिता की हत्या करने के आरोप में उसके दोनों पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुत्र पिता के रोज-रोज घर में लड़ाई करने और अपनी मम्मी के साथ मारपीट करने से परेशान थे। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डूडी डोगरा ने बताया कि रविवार को पुलिस को क्षेत्र के जमवारामगढ़ रोड के पलेडा मोड़ पर एक व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने आस पास के इलाके में छानबीन कर मृतक की पहचान भरतपुर के हलेना निवासी अमर सिंह जाटव के रूप में की। अमर सिंह चैनपुरा की आरएसी फोर्थ बटालियन में तैनात था। पुलिस ने उसके दोनों पुत्र अंकित जाटव और भरत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## टैलेंट सर्च में 10 हजार विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**जयपुर**। नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम की तर्ज पर प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन होगा। इसमें चयनित 10 हजार विद्यार्थियों को कक्षा 11-12 में प्रतिमाह 1250 और स्नातक-स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रतिमाह 2000 रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं में पहली बार प्रविष्ठ हो रहे विद्यार्थी पात्र होंगे। परीक्षा हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम में होगी। परीक्षा के लिए नोडल एजेंसी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर को बनाया गया है। परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे। पहला, मानसिक योग्यता परीक्षा और दूसरा, शैक्षिक योग्यता परीक्षा का होगा। इसमें विद्यार्थी निःशुल्क आवेदन कर सकेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अखबार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### जीतो कनेक्ट 2023 के समापन समारोह में बोले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

# देश की बेहतरी और एकता के लिए काम कर रहे हैं समाज

**बेधड़क** | जयपुर

'मैं महावीर जी के आदर्शों से काफी प्रभावित हूं। जहां संस्कृति और आदर्शों को एक साथ बढ़ावा देते हुए विकास की ओर अग्रसर किया जाता है। साथ ही आने वाली सभी पीढ़ियों के साथ ये समाज सामाजिक गतिविधियों में भी सबसे आगे रहा है।

हमारा देश वसुधैव कुटुम्बकम का खूबसूरत उदाहरण है, जहां इस तरह के मजबूत समाज भी देश की बेहतरी और एकता के लिए काम कर रहे हैं।' यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्विवार्षिक कार्यक्रम जीतो कनेक्ट 2023 के समापन सत्र में कही। लोकसभा अध्यक्ष बिरला सीतापुरा स्थित जेईसी में जीतो 2023 के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे थे। उन्होंने सभा के पहले सत्र में लोगों को जीवन में फोकस होने की सलाह दी। ओम बिड़ला के साथ जीतो के प्रमुख और अन्य सदस्य मौजूद रहे।



### महिलाओं ने शो से इकट्ठे किए 1.75 करोड़

शो में जीतो इंक्यूबेशन और इनवेशन फाउंडेशन ने विमन जीतो शार्क एंजल्स का आयोजन किया। इस दौरान निकिता जैन, सलोनी शाह, शेखा हरान भंडारी और राशि बेनारा ने महिलाओं द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप्स के लिए 1.75 करोड़ की राशि जोड़ी।

### 400 ब्रांड्स का प्रदर्शन

जीतो कनेक्ट 2023 के समापन सत्र में आईटी, इनोवेशन, क्रिएटिव और इंटरेक्टिव सेशंस का समागम देखने को मिला। 400 से ज्यादा लाइफस्टाइल, फैशन और लग्जरी के ब्रांड्स का नायाब प्रदर्शन एक ही छत के नीचे देखना जयपुर के लिए एक नायाब अनुभव था। द ग्रैंड बाजार और वेडिंग स्टोरी के बारे में बताते हुए जीतो चैप्टर की कन्वीनर शेफाली चोरडिया ने बताया कि राजस्थान में इस तरह की एग्जीबिशन का आयोजन होना गर्व की बात है, जहां 400 से ज्यादा पूरे देश भर से आए ब्रांड्स ने खुद को प्रस्तुत किया। इस तीन दिवसीय एग्जीबिशन में लगभग 25 हजार से ज्यादा लोगों ने शिरकत कर आयोजकों और एग्जीबिटर्स का प्रोत्साहन किया। इसमें सिर्फ जयपुर ही नहीं बंगलोर, दिल्ली, मुंबई, पुणे, चेन्नई के भी कई ब्रांड्स ने अपने कलेक्शन को शोकेस किया।

### समापन सत्र में ये सेशन रहे प्रमुख

इस दौरान समापन सत्र में कई महत्वपूर्ण सेशंस का आयोजन किया गया। पहले सेशन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के बाद सेशन महाकुंभ : एन इंडस्ट्रियल नेटवर्किंग ट्रम्प में जेबीएन अपैक्स इंडस्ट्रियल ग्रुप कन्वीनर देवांग शाह ने 1200 से ज्यादा इंडस्ट्रियल प्रोफेशनल्स के बीच इनोवेशन और कोलेबरेशन पर चर्चा की। वहीं, कार्यक्रम के अगले सेशन पावर ऑफ वीमेन में अजिता शाह, रचना रानाडे, छवि राणावत, डॉ. स्वाति जैन ने मॉडरेटर संदीप जैन से चर्चा की। कार्यक्रम में द पावर ऑफ स्ट्रैट लाइन्स सेशन में लेफ्टनेंट जनरल ए अरुण, एक अन्य सेशन में यूट्यूब सेंसेशन, मैजिशियन और मेंटलिस्ट सुहानी शाह ने जीतो युथ विंग के अक्षित बज के साथ लोगों से इंटरैक्ट किया। कार्यक्रम के अंतिम सेशन में देश के जाने-माने डॉ. बिस्वरूप चौधरी ने लोगों को उनकी सेहत के लिए जागरूक कर बहुत सी हेल्थ टिप्स दी। जहां उन्होंने डायबटीज, क्रोनिक किडनी की परेशानी, मेडिकल न्यूट्रीशियन और इससे सम्बंधित विषयों पर लोगों के सवालों के जवाब देने के साथ ही रोजमर्रा के बदलावों पर रौशनी डाल सेहतमंद होने की प्रेरणा दी।


### तैयारियां शुरू, जल्द होगी व्यापार महासंघ की बैठक

# दीपावली की सजावट में दिखेगा राष्ट्रवाद, चंद्रयान की भी झलक!

### राज्य सरकार का बड़ा तोहफा, व्यापारियों को दी जाएगी रियायती दरों पर बिजली

**बेधड़क** | जयपुर

दीपावली पर इस बार बाजारों में सजावट की थीम राष्ट्रवाद रहेगी। परकोटे के बाजार में चंद्रयान-3 की झांकी भी देखने को मिल सकती है। इसके लिए विशेष कारीगरों से बातचीत भी की जा रही है। सामूहिक सजावट के लिए राज्य सरकार की ओर से रियायती दर पर बिजली दिए जाने से व्यापारियों में अपने बाजार को दर्शनीय बनाने को लेकर जबरदस्त उत्साह है। व्यापारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए जल्द ही मीटिंग की बुलाई जाएगी।



### पिछले साल कमल पर आई थीं महालक्ष्मी

पिछले साल किशनपोल बाजार को कृष्ण की थीम पर सजाया गया और जौहरी बाजार में माता लक्ष्मी और गणेश जी कमल के फूल पर विराजमान हुए थे। इसके अलावा चांदपोल बाजार में भगवान शिव अपने हाथ पर बिठाकर गणेश जी को खिलाते हुए नजर आए थे। छोटी चौपड़ पर अमेरिका का डिज़्नीलैंड तैयार किया गया था। यहां कार्टून कैरेक्टर्स के विशालकाय स्टैच्यू बनाए गए थे।

### इमारतें भी सजती हैं दुल्हन की तरह

वहीं, दीवाली पर शहर की सबसे पुरानी बिल्डिंगों में शामिल एमआई रोड स्थित गणपति प्लाजा, एतिहासिक मिर्जा इस्माइल रोड, वर्ल्ड ट्रेड पार्क सहित अन्य बिल्डिंग में भी विशेष सजावट की जाती है। गणपति को प्लाजा को कई सालों तक बेस्ट डेकोरेटेड बिल्डिंग का पुरस्कार प्राप्त होता रहा है।

### घरेलू कनेक्शन के बराबर दी है रियायत

विद्युत विभाग ने एक लेटर जारी कर जयपुर शहर के व्यापारियों और निजी बिल्डिंग पर दीवाली पर सजावट करने के लिए पिछले साल की तरह इस दीवाली भी बिजली की सिंगल दर लेने का निर्णय किया है। इससे शहर के बाजारों में दीवाली पर रोशनी के लिए घरेलू दरों पर ही बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि आमतौर व्यवसायिक बिल्डिंगों पर कॉमर्शियल दर से ही बिजली मिलती है, जो कि घरेलू से दुगुनी है।




### इन बाजारों में की जाती है विशेष सजावट

वाली पर वैसे तो पूरा शहर ही रोशनी में नहाया हुआ होता है, लेकिन चारदीवारी की रोशनी की प्रदेश-देश के साथ ही विदेश में भी विशेष पहचान है। परकोटे में पंचदीपोत्सव पर्व पर धनतेरस से भाईदूज तक पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठता है। हर चौपड़ पर विशेष झांकी सजाई जाती है। प्रशासन की ओर से भी पर्यटन स्थलों पर भी विशेष सजावट की जाती है। परकोटे के चांदपोल, छोटी चौपड़, बड़ी चोपड़, जोहरी बाजार, किशनपोल, हवामहल बाजार आदि में दीवाली पर थीम बेस्ड सजावट की जाती है। इसके अलावा शहर के बाहरी इलाकों में आर्कषक सजावट की जाती है। इनमें जयंती बाजार, राजापार्क, वैशाली नगर, मानसरोवर, झोटवाड़ा आदि है।

### मेयर ने किया शिलान्यास

# ग्रेटर में आमजन को मिलेगी सड़क और सीवर लाइन



**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर निगम मुख्यालय में रविवार को महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने विजनरी प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए 313.35 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस अवसर निगम आयुक्त बाबूलाल गोयल, समस्त चेयरमैन, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि ग्रेटर निगम के सभी वार्डों में 313.35 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें सड़क निर्माण, मिंसिग लिंक, सीवर लाइन डालने, शमशान और कब्रिस्तानों में विकास कार्य, पार्षद कार्यालय, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, सामुदायिक केंद्र निर्माण कार्य, इन्दिरा रसोई निर्माण कार्य, नवीन हाईमास्ट लाइटों, दो ई-लाईब्रेरी, पांच ऑपन जिम और 22 उद्यानों का शिलान्यास लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि मानसरोवर जोन में ई-चार्जिंग स्टेशन तैयार हो चुका है, इसके साथ ही सोमवार को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर आयुक्त बाबुलाल गोयल ने कहा कि वार्ड में सफाई के प्रति बेहतर मॉने टिरिंग हो, इसके लिए सभी को संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

### संस्कृत शिक्षा विभाग की उदासीनता

# संभाग बने, नहीं खुले नए कार्यालय

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में पहले 17 नए जिले और हाल ही में 3 नए जिले बनाने की घोषणा कर 53 जिलों का राजस्थान बना दिया है। जिलों पर विभिन्न विभागों के कार्यालय खोलने का कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन संस्कृत शिक्षा विभाग के द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। प्रदेश में जल्द ही आचार संहिता की घोषणा होगी। ऐसे में संस्कृत शिक्षा में नवीन संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी कार्यालय खुलने पर तलवार लटक सकती है। गौरतलब है कि संस्कृत शिक्षा विभाग में पूर्व में 07 संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी कार्यालय संचालित थे, जिनके अधीन जिलों में संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण एवं सतत सम्बलन होता आ रहा है।

### संभाग स्तर पर होता है संचालन

संस्कृत शिक्षा में प्रशासनिक ढांचा जिला स्तर की बजाय संभाग स्तर पर ही है। अब संभागों की संख्या 7 से बढ़कर 10 हो जाने के बाद अब नवीन संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी कार्यालय खोले जाने थे। हालांकि, नवीन जिलों में संस्कृत शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर नोडल अधिकारी लगाकर जिला स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी है, ताकि योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से मिले। नवीन संभाग मुख्यालय स्तर पर अभी कोई प्रशासनिक व्यवस्था नहीं हुई है। ऐसे में इन नवीन जिलों के कार्मिक असमंजस में है कि उनका संभाग पुराना ही रहेगा या नए संभाग मुख्यालय पर संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी कार्यालय खोला जाएगा।

### मंत्री महेश जोशी ने किया शिलान्यास

# 300 करोड़ रुपए से बिछेगी सीवर लाइन

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम के हवामहल-आमेर जोन में अमृत-2 योजना में 300 करोड़ की लागत से नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने रविवार को निगम मुख्यालय में सीवर लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर हेरिटेज निगम आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, उप महापौर असलम फारुखी, उपायुक्त सतर्कता एस के मैहरानिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके वर्मा, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने परकोटे के अंदर वार्ड 13 और 14 में डाली जाने वाली सीवर लाइन के बारे में कहा कि सीवर लाइन जर्जर हालत में थी। नई लाइन ड़लने के बाद शहर की आबोहवा सुधरेगी और शहरवासियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। परकोटे के दो बड़े नाले ढकने से भी शहरवासियों को अनेक परेशानियों से निजात मिली है। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने स्मार्ट सिटी द्वारा खरीदी गई वैक्यूम प्रेसर मशीन का उद्घाटन किया। इस मशीन से ऑफिस या अन्य स्थानों पर पड़े कचरे को मशीन से साफ किया जाएगा। आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक लिटर पिकर मशीनों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। यह मशीन 10 लोगों जितना कार्य कर सकती है।



### गैर राजनीतिक प्रबुद्ध विप्र जन विचार गोष्ठी

# विप्र युवाओं को सरकारी योजनाओं से बनाएंगे और मजबूत

**बेधड़क** | जयपुर

ब्राह्मण समाज के युवा और महिला वर्ग को समाज की अग्रिम पंक्ति में आगे लाने के लिए रविवार को गैर राजनीतिक प्रबुद्ध विप्र जन विचार गोष्ठी का आयोजन मानसरोवर स्थित एक ऑडिटोरियम में किया गया।

इस दौरान गोष्ठी में समाज कल्याण के अभ्युदय के लिए आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, शैक्षिक, विचार मंथन और मातृ शक्ति और युवाओं के संवर्धन जैसे सभी विषयों पर विमर्श किया गया। इस प्रबुद्ध जन गोष्ठी में प्रशासनिक अधिकारी के अलावा निजी क्षेत्र के एम्प्लॉय, डॉक्टर, इंजीनियर, शोध छात्र, व्यवसाई, उद्यमी, व्यापारी, अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी, चिकित्सा एवं मेडिकल सर्विसेज, शिक्षक, व्याख्याता, समाजसेवी, लेखक चिंतक प्रबंधक सहित विभिन्न तबके से लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में चित्रकार दीपाली शर्मा और खिलाड़ी शताब्दी अवस्थी का सम्मान किया गया।



### शादियों पर फिजूल खर्च पर लगे रोक

इस दौरान समाज के बंधुओं ने सभी जाति, धर्म, संप्रदाय, पंथ के बारे में कोई भी उल्टी-सीधी टिप्पणी नहीं करना, समाज के प्रत्याशी को हरसंभव सहयोग, शादियों में फिजूलखर्च पर रोक लगाने पर सहमति जताई। युवाओं कौशल विकास कार्यक्रम, रोजगार वृद्धि कराने और सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने, ब्राह्मण हितार्थ कोपर्स फंड बनाना और समाज की महिलाओं को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाने पर भी सब सहमत हुए।

### महिला स्वावलंबन पर जोर

आर्थिक विशेषज्ञ पलक शुक्ला ने महिला स्वावलंबन पर बल दिया। डॉ. हेमलता शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण, महिला लीडरशिप वृद्धि एवं यूथ की लीडरशिप पर काम हो। संयुक्त कर्मचारी महासंघ के महावीर शर्मा द्वारा समाज की एकता पर बल दिया गया। पीएन शर्मा ने उद्योग विभाग की सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का युवाओं को अधिकतम लाभ दिलवाने के बारे में बताया। वरिष्ठ आरएएस पंकज ओझा ने पारिवारिक और सामाजिक विघटन, सनातन धर्म, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, युवाओं को संस्कृति संस्कार एवं सामाजिक उत्थान की योजना पर चर्चा की। वहीं, पूर्व आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा ने बिना किसी भय एवं डर के समाज की हर संभव मदद करने की बात कही।

### विचार गोष्ठी में बने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड

इस अवसर पर प्रबुद्ध जन विचार गोष्ठी में तीन हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने सीने पर अशोक चक्र के साथ अशोक स्तंभ लगाकर देश के आदर्शों एवं प्रतीक के प्रति सम्मान निष्ठा व्यक्त की और विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा लोगों द्वारा परमपिता ईश्वर से सर्वजन की समृद्धि प्रगति और देश, समाज, राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए परमपिता से प्रार्थना के रूप में पुष्प हवा में अर्पितकर प्रार्थना कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यह विश्व शांति और विश्वकल्याण के लिए अनूठा कदम था।

भारतीय शेयर बाजार

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध से बढ़ी चिंता



विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय शेयर बाजार में चल रही मंदी ने पिछले सप्ताह मामूली करवट ली थी, लेकिन शनिवार से इजराइल-फिलिस्तीन में शुरू हुए तनाव ने निवेशकों को चिंता में डाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिलिस्तीन को जहां कुछ मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त हो रहा है, जबकि इजराइल को अमेरिका व कुछ यूरोपीय देशों का समर्थन। ऐसी स्थिति में लगता नहीं है कि यह तनाव जल्द ही खत्म हो जाएगा। ऐसे में यह तो तय है कि सोमवार को खुलने वाले भारतीय बाजार लाल रंग में ही खुलेंगे, लेकिन बाजारों में मंदी कितनी रहती है और इससे उभरने में कितना समय लगेगा। इसका आकलन इस तनाव के नियंत्रित होने अथवा इसमें अन्य देशों के शामिल नहीं होने के आधार पर तय होगा। मौजूदा परिस्थितियों में तो यहीं कहा जा सकता है कि देश के शेयर बाजारों में मंदी की स्थिति में अच्छी समझें जाने वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करने में कोई गुरेज नहीं करनी चाहिए।

*“मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिलिस्तीन को जहां कुछ मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त हो रहा है, जबकि इजराइल को अमेरिका व कुछ यूरोपीय देशों का समर्थन। ऐसी स्थिति में लगता नहीं है कि यह तनाव जल्द ही खत्म हो जाएगा। ऐसे में यह तो तय है कि सोमवार को खुलने वाले भारतीय बाजार लाल रंग में ही खुलेंगे, लेकिन बाजारों में मंदी कितनी रहती है और इससे उबरने में कितना समय लगेगा इसका आकलन इस तनाव के नियंत्रित होने अथवा इसमें अन्य देशों के शामिल नहीं होने के आधार पर तय होगा।”*

जयपुर में शुक्रवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का हर दो साल में होने वाला आयोजन जीतो कनेक्ट-2023 का आयोजन हुआ। इसमें कैपिटल मार्केट पर अनेक तकनीकी सत्र भी हुए, जिसमें देश के नामी-गिरामी विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इन विशेषज्ञों का यह रुख है कि भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल मजबूत है, बल्कि इसमें विकास की संभावनाएं भी व्यापक है। ऐसे में यह तो कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं, लेकिन भविष्य अच्छा ही रहेगा। इसी तरह यह भी माना जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भले ही कुछ भी रहे, लेकिन इस माह से शुरू होने वाले कंपनियों के छमाही आंकड़ों के बाद परिणामों के आधार पर भारतीय बाजार में शुभ शुरुआत हो सकती है।

पिछले सप्ताह की बात करें तो 6 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में हल्के सुधार का रुख रहा। भारतीय बाजार में आई सुधार के बावजूद एफआईआई की बिकवाली पर कोई असर नहीं पड़ा और एफआईआई ने गत सप्ताह 8412.65 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों-डीआईआई ने 6435.83 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का जवाब दिया। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 167.23 अंक अर्थात 0.25 फीसदी का सुधार रहा और बीएसई सूचकांक 65828.41 अंक से बढ़कर 65995.63 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 15.20 अंक अर्थात 0.08 फीसदी की तेजी रही और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19638.30 अंक से कम हो कर 19653.50 अंक पर बंद हुआ। उधर, इसके उलट बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 0.81 फीसदी की मंदी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 0.79 फीसदी की तेजी का रुख देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक की बात करें तो इसमें भी पिछले सप्ताह 0.62 फीसदी की मंदी व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 0.69 फीसदी की तेजी रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां सुधार का रुख है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत कहा जा सकता है, लेकिन इजराइल-फिलिस्तीन तनाव के कारण यह नकारात्मक भी खुल सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो जयपुर में गत सप्ताह सोने के दामों में 500 रुपए दस ग्राम की गिरावट के साथ यह 58,500 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 1400 रुपए की गिरावट के साथ 70,300 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि कमजोर ग्राहकी के कारण सोने व चांदी के भावों में सुधार की संभावनाएं काफी सीमित है।



*इस सप्ताह में बाजार के रुख की बात करें तो कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों में सुधार अंतरराष्ट्रीय बाजारों की चाल पर निर्भर करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण एफआईआई यदि बाजार में खरीदार बन कर आएं तो बाजार में जल्द सुधार का माहौल बन सकता है। माना जा रहा है कि शेयर बाजार की चाल पर इजराइल-फिलिस्तीन तनाव के अलावा कच्चे तेल की कीमतों में आने वाला परिवर्तन और प्रभाव छोड़ेगा। कारोबारियों के पसंदीदा शेयरों में डिफेंस सेक्टर के शेयर फिलहाल सुरक्षित निवेश समझे जा सकते हैं।*

इस सप्ताह में बाजार के रुख की बात करें तो कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों में सुधार अन्तरराष्ट्रीय बाजारों की चाल पर निर्भर करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण एफआईआई यदि बाजार में खरीददार बन कर आएं तो बाजार में जल्द सुधार का माहौल बन सकता है। माना जा रहा है कि शेयर बाजार की चाल पर इजराइल-फिलिस्तीन तनाव के अलावा कच्चे तेल की कीमतों में आने वाला परिवर्तन और प्रभाव छोड़ेगा। कारोबारियों के पसंदीदा शेयरों में डिफेंस सेक्टर के शेयर फिलहाल सुरक्षित निवेश समझें जा सकते हैं, जबकि अन्य में एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी, टीसीएस, जैन इरिगेशन, सार्वजनिक क्षेत्र के चुनिंदा बैंकों को सुरक्षित समझा जा सकता है, लेकिन यदि बाजार में सेंटीमेंट वीक रहेंगे तो अच्छे कहे जाने वाले शेयरों में भी गिरावट का रुख रह सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में नया कोई आईपीओ तो नहीं आ रहा। इसी तरह एसएमई सेक्टर में इस सप्ताह केवल एक नया आईपीओ अरविंद एण्ड कम्पनी शपिंग एजेंसी लिमिटेड आ रहा, जो 16 अक्टूबर को बंद होगा। एसएमई सेक्टर के आईपीओ में भारी-भरकम प्रीमियम के आधार पर इसमें जोखिम भी भरपूर ही है, यह बात भी निवेशकों को ध्यान रखनी चाहिए। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो पिछले सप्ताह आईपीओ लाने की उत्सुक कम्पनियों की बाढ़ सी आ गई और 16 कंपनियों ने अपने ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश किए हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

# एक अदद टिकट की दरकार है



अभिषेक तिवारी
व्यंग्यकार

चुनावों की सरगर्मी जोरों पर है और टिकटों की मारामारी में नेतागण लगे हुए हैं तो ऐसे माहौल में हमारे एक ‘समाजसेवी’ मित्र सेवालाल का सुबह- सुबह फोन आ गया और बोले कि भाई तुमसे एक बहुत जरुरी काम है घर हो तो मिलने आ जाते है। अब हमारे जैसे ठलुए के पास कोई ऐसा काम तो था नहीं कि मित्र को इंकार कर दें तो कहा कि स्वागत है पधारिए। थोड़ी सी देर में ही हमारे यह समाजसेवी मित्र आ गए और बोले कि तुम्हारी मदद चाहिए । मदद शब्द सुनते ही हमारी आँखें गोल- गोल घूम गयीं और सिर चकरा गया।

फिर भी हमने कहा कि मित्र सेवालाल हम जिस लायक हैं मदद करेंगे आप बताओ और बैचैनी और उनके आशकांओं से त्रस्त उनकी ओर देखने लगे कि वो क्या मदद मांगते हैं। उन्होंने तपाक से कहा कि मित्र तुम्हारी तो बहुत पहचान है मुझे एक अदद टिकट की दरकार है। टिकट शब्द सुनते ही हमें तो सांप सूंघ गया और हमने कहा कि मित्र सेवा लाल आप तो जानते ही हैं कि हम निहायत ही नाकारा निक्कमा किस्म के व्यक्ति हैं जीवन में कुछ ख़ास उखाड़ नहीं पाए हैं और आप हमसे टिकट लेने में मदद मांग रहे हैं ?

सेवालाल बोला कि भई बहुत अर्जेंसी है यदि टिकट नहीं मिली तो रिश्तेदारों को मुंह नहीं दिखा पाएंगे और हमेशा के लिए बोलचाल बंद हो जाएगी । । तो हमनें कहा कि यह क्या बात हुई हर बार सेवा करने वाले को मेवा मिले यह जरुरी तो नहीं है आप तो कर्म करते रहो और ईश्वर की इच्छा होगी तो फल भी मिल जायेगा। आपने वैसे ही क्षेत्र और समाज के लिए बहुत काम किए हैं सब आप सेवाभाव को जानते भी हैं इसलिए टिकट आपको मिल भी सकता है। पर सेवालाल आश्वस्त नहीं हुआ और बोले यह सब व्यर्थ की बाते हैं, इन बातों का टिकट से कोई लेना देना नहीं होता है आप भी जानते हैं। आप तो टिकट दिलवा दीजिए जो भी चार्ज लगेगा वो भी हम दे देंगे ।

सेवालाल के मुख से “ चार्जेज’ जैसी बात सुनकर हमसे रहा नहीं गया और हमनें बोला कि यार तुम तो कल तक बहुत नैतिकता की बातें करते थे ईमानदारी, सदाचार जैसे शब्द बोलते थे और अब टिकट की व्याकुलता में बेईमानी पर उतर आए ? सेवालाल तैश में आ गया और बोले अरे इसमें कैसी बेईमानी , तत्काल कोटे में करवाने या कोई वीआईपी कोटे में टिकट करवाने के यदि कोई चार्जेज होते हैं तो वो देने में कैसी बेईमानी ? भैया समझो हमारा असम जाना बहुत जरुरी है । हम चौक गए, आप कहाँ की टिकट मांग रहे हैं? सेवालाल का मूड ख़राब होता जा रहा था बोले जयपुर से असम जाना है रिश्तेदारी में शादी है उसके लिए ट्रेन का कनफर्म्ड टिकट चाहिए , चूँकि तुम्हारे ताऊजी रेलवे में हैं तो तुम्हारी मदद मांग रहे थे पर लगता है तुम्हारी इच्छा नहीं है मदद करने की और तुम क्या सोच रहे थे ? हमनें कहा कि हमें लगा कि चुनाव की टिकट मुंह चिढ़ाता हुआ सेवालाल बोला इतनी ग़लतफहमी कैसे हो गई लेखक महोदय ? मुझे पता है कि तुम सच में नालायक निक्क्मे हो , सिर्फ चाय पीते बैठे रहते हो, चुनाव छोड़ो लगता है तुम तो रेल की टिकट भी नहीं करवा पाओगे चलता हूँ राम राम ।

मथुरा-वृंदावन में यमुना प्रदूषण का मामला

## NGT ने यूपी के मुख्य सचिव से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने मथुरा-वृंदावन में यमुना में अनुपचारित सीवेज छोड़े जाने के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को छह सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। एनजीटी उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दावा किया गया है कि मथुरा-वृंदावन में 36 नाले हैं, जिनमें से छह का अनुपचारित सीवेज यमुना में छोड़ा जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि इससे नदी के पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है। पीठ ने मुख्य सचिव को छह सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। पीठ ने कहा कि साथ ही चार महीने के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया था।

प्रदर्शनी का अवलोकन

*देहरादून। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तराखंड के देहरादून में अमृत काल में पुलिसिंग के अवसर पर 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन समारोह के दौरान एक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।*




फोटो : पीटीआई



अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हमारे किसान को क्यों किया बदनाम, भाजपा से पूछ रहा पूरा राजस्थान



जगदीश वासुदेव, योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप अपने समय को प्रबंधित करने की कोशिश करने के बजाय, स्पष्ट रूप से अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करते हैं, तो समय खुद को उनके आसपास व्यवस्थित कर लेगा।



गौर गोपाल दास, आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जीवन की चुनौतियां और परेशानियां हमें उत्साह और आनंद के साथ जीने से न रोकें!



श्री रवि शंकर, योग गुरु (लेखक)
@Srisri
इजराइल में हुआ हमला मानवता के खिलाफ एक भयानक अपराध है। सदमे और निराशा की इस घड़ी में हमारी प्रार्थनाएं इजराइल के लोगों के साथ हैं।



अनुपम खेर, अभिनेता
@AnupamPKher
एशियाई खेलों में हुड़दंग मचाने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों की जय हो! मेडल पे मेडल।आन दो, आन दो!!! टच वुड। जय माता दी!



अमिताभ बच्चन, अभिनेता
@SrBacchan
इधर से लो, उधर से लो, बड़ी मारा मारी है, जोड़ जाड़ के भर दो पन्ना ये...content की नपुंसक लाचारी है

**नॉलेज कॉर्नर:** मंदिर के दीपक में काजल की जगह निकलता है केसर

# बिलाड़ा का केसर ज्योति वाला मंदिर

राजस्थान के जोधपुर जिले से 45 किमी दूर जयपुर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बिलाड़ा का आईमाता मंदिर की विश्व में अपनी एक खास पहचान है। बिलाड़ा स्थित यही वो मंदिर है जहां विश्व का अनोखा एवं अद्वितीय चमत्कार “अखंड केसर ज्योत” है। सीरवी समाज की आराध्य आई माताजी के बिलाड़ा स्थित मंदिर में दीपक से काजल की जगह केसर निकलता है। सीरवी समाज के लोग आई माता को नवदुर्गा का अवतार मानते हैं। मंदिर में पूरे भारत वर्ष से लोग दर्शनों के लिए आते हैं। मंदिर में यह अखंड केसर ज्योत पिछले 500 से भी अधिक वर्षों से लगातार जल रही है और इसकी लौ से काजल के स्थान पर केसर प्रकट होता है जो कि मंदिर में माताजी की उपस्थिति का अकाट्य प्रमाण है। मंदिर में पूजा अर्चना दीवान करते है। वर्तमान दीवान पद पर माधोसिंह है।

### वि.संवत 1525 से अखंड ज्योत

सीरवी समाज के अनुयायियों का मानना है कि विक्रम संवत 1525 से बिलाड़ा मंदिर में अखंड ज्योत से केसर निकलता है। विक्रम संवत 1561 चैत्र सुदी दूज शनिवार को आई माता केसर ज्योत में अंतर्ध्यान हुई। उसी स्थान पर वर्तमान में संगमरमर का आईमाता मंदिर मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर में स्थापित यह अखंड ज्योति पांच सौ वर्षों से आज भी जल रही है। आईमाता मंदिर के मुख्य कक्ष में आईजी के कुछ स्मृति चिह्न के रूप में देवी की गाड़ी, अखंड ज्योति 5 श्रीफल, छड़ी, चोला, मोजड़ी खड़ाऊ मला और ग्रंथ आदि आज भी सुरक्षित है। जिनकी भक्तगण पूजा करते आ रहे हैं तथा इन्ही को अपनी भक्ति के श्रद्धा पुष्प चढ़ाते रहते हैं।



### साल में एक बार बदलती है बाती

आईमाता मंदिर में काजल की जगह केसर निकलने वाले दीपक की बाती साल में केवल एक बार ही बदली जाती है। मान्यताओं के अनुसार मंदिर के दीवान द्वारा हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल द्वितीया को दीपक की बाती (लौ ) बदली जाती है। दीपक को देसी घी से प्रज्वलित किया जाता है। दीपक से निकलने वाले केसर को अनुयायी अपनी आंखों पर लगाते हैं।

### आई माता के दर्शनीय स्थल

*विश्व के अनोखे और अद्वितीय आईमाता मंदिर में कई दर्शननीय स्थल है। मंदिर में आईमाताजी की झोपड़ी, चित्र प्रदर्शनी, संग्रहालय ( म्यूजियम), रावटी झरोखा, नारलाई मंदिर, डायलाणा मंदिर, भैसाणा मंदिर, जीजी-पाल आदि दर्शनीय स्थल है।*

*कंटेंट: श्रवण भाटी*

**चुनावी पोळ**

भाईसाहब बैठक करैं,
म्है उडीका नाम
एक बार हामी भरै,
तो नहालूं च्यारू धाम
■ गजानन

**सीधे फील्ड से** | सवाई माधोपुर से दिलीप कुमार पाटीदार की रिपोर्ट

# हठी हम्मीर देव की धरती पर आसान नहीं कांग्रेस की राह



■ सवाई माधोपुर से **दिलीप कुमार पाटीदार** की रिपोर्ट

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

सवाई माधोपुर का नाम आते ही लोगों के दिल-ओ-दिमाग में एक तरफ त्रिनेत्र गणेश तो दूसरी तरफ बाघों की अठखेलियां आ जाती हैं। सवाई माधोपुर को राजा हठी हम्मीर की धरती कहा जाता है और चौहान वंश के अंतिम शासक हम्मीर देव सिंह के शासन को विजय गाथा के रूप में लिखा जाता है। सवाई माधोपुर के अमरूद जहां देश भर में प्रसिद्ध हैं, वहीं गंगापुर सिटी का खीर मोहन भी देशवासियों की जुबां पर मिठास घोलता है। सवाई माधोपुर जिले ने कई नेताओं को कद्दावर बनाया है। कई केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री सवाई माधोपुर जिले ने दिए हैं।

वर्तमान में सवाई माधोपुर जिले में 4 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बामनवास और खंडार विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। फिलहाल चारों ही सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। इनमें से सवाई माधोपुर, बामनवास और खंडार के विधायक कांग्रेस के टिकट पर जीते हैं तो गंगापुर के निर्दलीय विधायक रामकेश मीणा ने कांग्रेस को समर्थन दे रखा है। अगर बात करें सवाई माधोपुर जिले के सियासी समीकरणों की तो तमाम सरकारी घोषणाओं और कामों के बावजूद क्षेत्रीय विधायकों की कार्यशैली के चलते एंटी-इन्कंबेंसी हावी है। जो पार्टी निर्विवाद और नए चेहरों पर दांव खेलेगी उसे उतना ही ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है। यहां इस बार विधानसभा चुनावों में ईआरसीपी का मुद्दा प्रमुख रूप से हावी रहेगा जिसे भुनाने के लिए दोनों ही पार्टियों की ओर से भरपूर कोशिश होगी। इसके अलावा रोजगार, शहरी विकास, पेयजल और बढ़ते अपराध जैसी समस्याओं से सवाई माधोपुर जिला जूझ रहा है।

अवैध बजरी खनन सवाई माधोपुर जिले के लिए नासूर बन चुका है। सवाई माधोपुर जिले में ना तो कोई बड़ी इंडस्ट्री है और ना ही शिक्षा का कोई बड़ा केंद्र। अमूमन सवाई माधोपुर जिले को भाजपा अपना गढ़ मानती हुई आई है और यही कारण है कि पिछले डेढ़ साल के अंदर भाजपा प्रदेश स्तर के दो बड़े आयोजन सवाई माधोपुर में कर चुकी है।

पिछले साल राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सवाई माधोपुर में आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया था और पूर्वी राजस्थान की खोई हुई सीटों पर फोकस किया था। इसके बाद हाल ही त्रिनेत्र गणेश के आशीर्वाद से भाजपा की पहली परिवर्तन रैली का आगाज हुआ। अगर कांग्रेस की बात करें तो भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी परिवार का सबसे ज्यादा समय सवाई माधोपुर जिले में ही बीता।

फिलहाल दोनों ही पार्टियां अपनी-अपनी जीत का दावा कर रही हैं। मुख्यमंत्री मिशन 156 लेकर चल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी अपने मजबूत संगठन को लेकर जीत का दावा कर रही है। बीजेपी ने बूथ लेवल तक नियुक्तियां कर दी हैं।



### जिला बना पर विकास नदारद

गंगापुर सिटी से वर्तमान में निर्दलीय रामकेश मीणा विधायक हैं जिन्होंने कांग्रेस को समर्थन दे रखा है और इस बार कांग्रेस से टिकट प्राप्त करने की जुगत लगा रहे हैं। लेकिन रामकेश मीणा की राह आसान नहीं है। 2008 में भी बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर उन्होंने कांग्रेस को समर्थन दिया था। 2013 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन जीत नहीं मिली। यहां मीणा, मुस्लिम, गुर्जर और माली मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यह बात अलग है कि वर्तमान विधायक रामकेश मीणा ने गंगापुर को जिला घोषित करा दिया लेकिन गंगापुर मुख्यालय पर विकास के लिए तरस रहा है, जिसके चलते शहरी मतदाता उनके पक्ष में नजर नहीं आते हैं। गंगापुर क्षेत्र में विगत सालों में मंदिर माफी की जमीनों पर हुए कब्जे भी विधानसभा चुनावों का एक प्रमुख मुद्दा बन सकते हैं।

### विधायक नहीं बनवा पाए बेटे को प्रधान

खंडार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अशोक बैरवा विधायक हैं जो पिछली गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। साल 2013 के चुनावों में भाजपा से जीते जितेंद्र गोठवाल संसदीय सचिव बनाए गए थे। फिलहाल अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित खंडार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को फतह हासिल करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ेगी। कारण साफ है कि नंबर गेम होने के बावजूद कांग्रेस विधायक अशोक बैरवा अपने पुत्र संजय बैरवा को पंचायत समिति का प्रधान तक नहीं बनवा पाए थे। वहीं भाजपा की बात करें तो कई नेता टिकट की दौड़ में हैं। यहां गुर्जर, एससी मतदाताओं का बहुल है।

### दिख रही है सत्ता विरोधी लहर

बामनवास विधानसभा क्षेत्र की बात करें यहां चुनाव इस बार काफी रोचक नजर आएगा। बौंली और बामनवास उपखंड क्षेत्र को मिलाकर बने बामनवास विधानसभा क्षेत्र में हमेशा क्षेत्रवाद की राजनीति ज्यादा हावी रहती है। अभी तक अमूमन बामनवास क्षेत्र के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। पिछले चुनाव में इंदिरा मीणा को कांग्रेस का टिकट मिला था और बौंली क्षेत्र का होने के चलते उन्हें जीत मिल गई थी। लेकिन अब क्षेत्र की राजनीतिक चर्चाओं पर गौर करें तो इस बार फिर से बामनवास क्षेत्र का प्रत्याशी ही बाजी मार सकता है। इंदिरा मीणा को हाल ही में कांग्रेस ने प्रदेश महासचिव बना दिया। बामनवास विधानसभा क्षेत्र में विधायक की एंटी इन्कंबेंसी भाजपा के लिए रास्ता आसान कर सकती है। यहां मीणा और गुर्जर मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसके साथ ही सबसे बड़ा फैक्टर क्षेत्रवाद का है। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी साल 1998 के चुनाव में बामनवास से बीजेपी के विधायक निर्वाचित हो चुके हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बामनवास को ब्यूरोक्रेट्स की खान कहा जाता है जहां से दर्जनों आईएएस और आईपीएस राजस्थान के साथ-साथ विभिन्न राज्यों में सेवाएं दे रहे हैं लेकिन उसके बावजूद बामनवास उपखंड मुख्यालय के विकास के क्षेत्र में बदतर हालात प्रदेश में एक अलग ही तस्वीर पेश करते हैं।

### जो यहां जीता उसी की बनी सरकार

भाजपा के टिकट के लिए सर्वाधिक दावेदार सवाई माधोपुर सीट पर हैं। कुछ आरएसएस के दम पर व कुछ अपने अपने तरीके से अपना टिकट पक्का मान बैठे हैं। कांग्रेस में विधायक दानिश अबरार के साथ 19 लोगों ने टिकट की दावेदारी की है। सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हर बार विधानसभा चुनाव में अपना नया विधायक चुनकर विधानसभा में भेजा है। 1990 के बाद से कोई विधायक यहां रिपीट नहीं हुआ। कहा जाता है कि सवाई माधोपुर से जिस पार्टी का विधायक होता है प्रदेश में सरकार अक्सर उसी पार्टी की होती है। यहां मीणा, मुस्लिम, वैश्य और गुर्जर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## जंग में वोकल फॉर लोकल

प्रदेश में चुनावी शंखनाद की तैयारी है। भाई लोग अपने-अपने सियासी समीकरणों के साथ टकटकी लगाए पार्टी कार्यालयों की तरफ देख रहे हैं। इन्हीं समीकरणों में एक वोकल फॉर लोकल का भी फंडा सामने आ रहा है। कभी हाथ वाली पार्टी के मुखिया रहे नेताजी फिलहाल जनता को राहत देने का महकमा संभाल रहे हैं। मुखियाजी इसी मुहिम में अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे तो वोकल फॉर लोकल के नारे के साथ हंगामा हुआ। ऐसा ही हाल शेखावटी से हाल ही में हाथ को ठेंगा दिखाकर फूल वाली पार्टी में पहुंचे एक नेताजी के साथ भी हुआ। नेताजी को हाथ वाली पार्टी के जाबाज के सामने उतारे जाने की चर्चा थी, लेकिन यहां भी फूल वाले भाइयों ने वोकल फॉर लोकल का बिगुल फूंक दिया। अब पार्टी के बड़े भाइयों को यह देखना पड़ रहा है कि चुनावी मैदान में वोकल फॉर लोकल का बिगुल ज्यादा जोर से बजेगा तो कई भाई लोगों के टिकट पर तलवार लटक सकती। इसलिए टिकट से पहले संभावित को उसी विधानसभा क्षेत्र के कागज तैयार रखने को कहा जा रहा है। संभावित भी उसी इलाके में मकान लेकर अपनी जड़े दिखाने में जुटे हुए हैं। हालांकि टिकट कटने वाले नेता फिर भी वोकल फॉर लोकल का बिगुल बजाने की पूरी तैयारी में है।

■ यायावर

**ई वॉर**

C. P. Joshi @cpjoshiBJP · 9h
राजस्थान में कानून व्यवस्था गायब~
जयपुर के निकट जमवारामगढ़ बना अपराधों का गढ़। एक सप्ताह में तीन हत्याएं। अब RAC जवान की हत्या। कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं। अपराधी बेखौफ।

Govind Singh Dotasra @GovindDotasra
कांग्रेस पार्टी अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत जनता के अधिकारों की आवाज़ उठाकर करेगी।

#ERCP पर केंद्र की भाजपा सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में कांग्रेस पार्टी 16 अक्टूबर को बारां में बड़ी सभा के साथ बिगुल फूंकेगी।

इस सभा से पहले हर जिले में मण्डल स्तर पर जनजागरण करके भाजपा के धोखे और कांग्रेस की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को अवगत कराएंगे।

राजस्थानी काका @Rajsthanikaka · 13h
राजस्थान में पाँच साल के कार्यकाल में डोटासरा जी के फटकारो को सबसे ज़्यादा याद किया जाएगा 🙏

**थड़ी पॉलीटिक्स**



## थोड़ा सब्र करो, हो जाएगा दूध का दूध-पानी का पानी

**स्थान** गुलाबजी चायवाले, MI रोड | **समय** शाम 5:10 बजे

*दीपावली आने को है। देश के इस सबसे बड़े त्योहार का उत्साह सभी के सिर चढ़कर बोलता है। लेकिन दीपावली के आस पास ही आने वाले लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार चुनावों की रौनक भी कम नहीं है। शहरों से लेकर गांवों तक में चौराहों, गलियों, बाजारों, चौपालों में जगह जगह पर जमने वाली मंडलियों में इन दिनों केवल चुनाव के टॉपिक पर चर्चा हो रही है। इन चर्चाओं में कयास हैं, समीकरण हैं, संभावनाएं हैं, अपनी अपेक्षाएं हैं, नाराजगियां हैं। कुल मिलाकर इन चौकड़ियों पर रोजाना सरकारें बन रही हैं, बिगड़ रही हैं। जनता के मन को सड़क किनारे चलने वाली इन चर्चाओं के माध्यम से भांपने के लिए हम आए हैं एम आई रोड पर प्रसिद्ध गुलाबजी टी-स्टॉल पर। छोटी सी गली में यहां वहां लोगों के ग्रुप्स बैठे हैं। अखबारों के पन्ने भी यहां वहां फड़फड़ा रहे हैं। एक मंडली में बैठे वीरेन्द्र की आवाज आती है- "अब तो गली-गली में जिला बन गया, तू भी एप्लीकेशन दे दे अगर कोई नया जिला बनाना हो तो।" सरकार की हालिया नए जिलों की घोषणा पर तंज सुनकर मुकेश ने चाय को पास रखी टेबल पर रखते हुए कहा- "तो क्या दिक्कत है गली-गली में जिले बन गए तो। लोगों के लिए काम भी आसान हो जाएंगे। तुम्हारे लोगों ने तो सालों से अटका ही रखा था ये मामला। कुछ किया तो है कम से कम।" सीधे-सीधे सरकार के पक्ष दी गई दलील शायद नरेश के गले नहीं उतरी। वह बीच में बोला- "अरे तो पहले इन जिलों के लिए कोई व्यवस्था तो करनी चाहिए थी। और मुझे तो लगता नहीं कि इतने सारे जिले बनाने से सारी समस्याएं हल हो जाएंगी।" बीच में कुलदीप ने बात काटते हुए कहा- "तो तुम क्यों माथाफोड़ी कर रहे हो। थोड़े दिन में सब पता चल जाएगा ये जिले लोगों के काम के हैं या नहीं। सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।" कुल मिलाकर बहस भविष्य के चुनाव परिणाम के भरोसे स्थगित हो गई।*

**पॉली क्लिक्स**



*राज्यपाल कलराज मिश्र और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जयपुर के राजभवन में मुलाकात हुई। संविधान पद पर बैठे मिश्र और बिरला दोनों का लंबा राजनीतिक जीवन भी रहा हैं। मुलाकात में क्या बात हुई, इसका पता नहीं, लेकिन दोनों की खिलखिलाहट बहुत कुछ कह रही है।*

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**


# रामजन्म भूमि पर बयान देते समय हिंदी के कठिन शब्द नहीं पढ़ पाए थे बूटासिंह



■ **गुलाब बत्रा,** वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

भारत की राजनीति में रामजन्म भूमि से जुड़ा मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है जिसने चुनाव विशेषकर लोकसभा चुनाव को प्रभावित किया है। पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ मंदिर गुजरात से अयोध्या तक की रथयात्रा, उनकी गिरफ्तारी, उत्तर प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के कार्यकाल में कारसेवकों पर गोली तथा कल्याणसिंह के शासनकाल में 6 दिसम्बर 1992 से जुड़े घटनाक्रम की कहानी लम्बी है। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शासनकाल में राम जन्म भूमि मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम से जुड़ा प्रसंग राजस्थान के पाठकों के लिए रुचिकर होगा।

तब केन्द्रीय गृहमंत्री बूटासिंह जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी थे। गृहमंत्री के रूप में राम जन्म भूमि मंदिर शिलान्यास प्रकरण पर उनका बयान दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाना था। दिल्ली से दूरदर्शन की टीम छोटे विमान से सिरोही हवाई पट्टी पर उतरी थी। बूटासिंह चुनावी सभा छोड़कर सर्किट हाउस पहुंचे। उन दिनों मैं जोधपुर में कार्यरत था और जालोर-सिरोही चुनाव के कवरेज के लिए सिरोही में था। सर्किट हाउस के एक हॉल को स्टूडियो के रूप में काम में लिया गया। संयोगवश मैं वहीं मौजूद था। बूटासिंह ने लिखित बयान सहजता से पढ़ लिया। लेकिन हिन्दी भाषा के बयान में कुछ कठिन शब्द पढ़ने में उन्हें परेशानी हो रही थी। इधर तेज लाइट से पसीने से तरबतर बूटासिंह दिक्कत महसूस कर रहे थे। दो-तीन बार बयान पढ़ने के मध्य रुकावट से दूरदर्शन टीम भी असहज हो गई। मैंने टीम के एक अधिकारी को कुछ अन्य शब्द जोड़ने का सुझाव दिया। हम इसमें परिवर्तन नहीं कर सकते, यह उत्तर सुनकर मैनें पूछा कि क्या गृहमंत्री फेरबदल कर सकते हैं। इस पर सकारात्मक उत्तर मिला तो मैने बुटासिंह को बयान में हिन्दी के सरल शब्द जोड़ने का सुझाव दिया और इस तरह बयान रिकॉर्ड हो गया। बूटा सिंह ने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मुझे अगली सुबह साक्षात्कार का समय दिया।



सर्किट हाउस में ही बूटासिंह ने गुरु ग्रंथ साहब का पाठ रखवाया हुआ था। भोग प्रसाद के बाद मेरी उनसे बात हुई। मेरा कहना था कि आपने चुनाव सभाओं में राम जन्म भूमि से जुड़े मुद्दे को नए दृष्टिकोण से उठाया है। इस पर उन्होंने नई जानकारी दी। साक्षात्कार का समाचार जलते दीप में प्रमुखता से छपा। बाद में पता चला कि बूटासिंह के चुनाव प्रचार में उक्त समाचार के पोस्टर छपवाए गए। चूंकि मुझे जालोर जाना था। बूटासिंह के सुझाव पर मैं उनके पुत्र बबली के साथ एक वैन में रवाना हो गया। जालोर के रास्ते एक जगह वैन रुकने पर बबली ने पीछे नोटों से भरा बैग उठाया और कार्यकर्ता को थमा दिया। पीछे नोटों से भरे बैग देखकर तो मैं दंग रह गया। जालोर पहुंचने तक तो सारा खजाना खत्म हो गया। पर यह यात्रा सदा याद रहेगी कि चुनाव में किस तरह पानी की तरह पैसा बहाया जाता है।





## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव: भाजपा व कांग्रेस दोनों को प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार

# कांग्रेस की सूची पर 13 को मंथन करेगी पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक रखी हैं। इन तीनों नेताओं के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य में कई सार्वजनिक बैठकों को संबोधित कर चुके हैं। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आदिवासी बहुल राज्य में कई जन-समर्थक योजनाएं शुरू की हैं, और पार्टी को लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने की उम्मीद है। इस बीच, पार्टी की पहली सूची को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इस बारे में एक बड़ा अपडेट सामने आया है कि पार्टी राज्य के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए 13 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक करेगी। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि सीईसी की बैठक राष्ट्रीय राजधानी में होगी क्योंकि स्क्रीनिंग कमेटी की कई दौर की बैठकें पहले हो चुकी हैं। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा ने गत दिनों राज्य के दौरे के दौरान टिकट बंटवारे को लेकर बड़ा संकेत दिया था।



गांधी जयंती के मौके पर कांग्रेस ने सभी 90 विधानसभा सीटों पर भरोसे की यात्रा निकाली थी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए कुमारी शैलजा सरगुदा पहुंची थी। यहां उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर मंथन चल रहा है।

### रमन सिंह ने भूपेश बघेल पर साधा निशाना



इस बीच, राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप प्रत्यारोप भी जारी हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा कि भाजपा जातिगत जनगणना से इसलिए भाग रही है, क्योंकि इससे उनकी नफरत की राजनीति का खात्मा हो जाएगा। इस पर पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने इसे चुनावी शिगूफा करार दिया। उन्होंन कहा कि पांच साल सत्ता में थे तब जातिगत सर्वेक्षण क्यों नहीं किया। रमन सिंह रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपने पैतृक जिले राजनांदगांव पहुंचे थे। यहां शहर के बीएमसी मिल कॉलोनी राम मंदिर में पहुंचकर उन्होंने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधा।

### मुश्किल में है जोगी की जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के गठन के बाद पहले मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की कमान संभालने वाले अजित जोगी की कांग्रेस से अलग होकर गठित की गई पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी (जेसीसीजे) अब मुश्किल दौर में नजर आ रही है। अजीत जोगी के निधन के बाद उनके बेटे अमित जोगी पार्टी की कमान संभाल रहे हैं, लेकिन पार्टी के कई नेता दल छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों मे शामिल हो रहे हैं। साल 2018 में दमखम के साथ विधानसभा की लड़ाई लड़ने वाली जनता कांग्रेस अब मुश्किल में



नजर आ रही है। अजीत जोगी के सबसे भरासेमंद नेता रहे धर्मजीत सिंह डेढ़ साल पहले पार्टी का साथ छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके अलावा हाल ही में कई नेता पार्टी का साथ छोड़ गए। जिनमें से कुछ 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार रह चुके हैं। वर्ष 2018 के चुनाव में जेसीसीजे ने अच्छा प्रदर्शन किया था। पार्टी को लगभग 7.5 फ़ीसदी वोट मिले थे और वह पांच सीटों पर विजयी हुई थी। उन दिनों लग रहा था कि पार्टी तीसरे मोर्चे के रूप में उभरेगी। लेकिन कई नेताओं के साथ छोड़ जाने से पार्टी अब मुश्किल में नजर आ रही है। अब देखना यह है कि पार्टी कितनी सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारती है।

### हर चुनाव में BJP का सीएम फेस कमल: पीयूष



**नीमच।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के सीएम चेहरे को लेकर जारी अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को यहां कहा कि हमारे हर चुनाव में हमारा चेहरा कमल होता है और कमल हम सबके लिए पूजनीय है। कमल लेकर हम जनता के बीच जाते हैं, हम सब कार्यकर्ता एक विचारधारा, भारत को एक विकसित देश बनाना है। गोयल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के हरेक व्यक्ति के जीवन में उल्लास उमंग और उनकी जो-जो आकांक्षाएं हैं उनको पूरा करने और एक उज्जवल भविष्य के लिए सेवा करने, गरीबों का कल्याण हो, सुशासन हो देश में उस प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच जाएंगे और जीतेंगे।

### CWC की बैठक आज, चुनावों पर करेगी मंथन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति की सोमवार को यहां होने वाली बैठक में जाति आधारित गणना और राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना एवं मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा होने वाली है। कांग्रेस छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है और मध्य प्रदेश में भाजपा, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तथा मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट को सत्ता से बेदखल करने की उम्मीद कर रही है।

## तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर सीबीआई की कार्रवाई

# मंत्री फिरहाद हकीम व मदन मित्रा के आवास पर मारे छापे

**एजेंसी** | कोलकाता

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल में नागरिक निकायों द्वारा की गई भर्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़ी जांच के सिलसिले में रविवार सुबह कोलकाता में राज्य सरकार में मंत्री फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री हकीम कोलकाता के महापौर भी हैं। वह तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी संगठन में अच्छा खासा प्रभाव रखते हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई अधिकारियों की एक टीम केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ दक्षिण कोलकाता के चेतला इलाके में हकीम के आवास पर पहुंची। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सीबीआई के दो अधिकारी हकीम से पूछताछ कर रहे हैं। सीबीआई टीम ने जैसे ही छापेमारी शुरू की, हकीम के समर्थक उनके आवास के बाहर जमा हो गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीबीआई के एक दल ने पूर्व मंत्री और उत्तर 24 परगना जिले के कमरहाटी से विधायक मित्रा के भवानीपुर इलाके में स्थित आवास पर भी छापेमारी की। मित्रा का घर चेतला में हकीम के आवास से करीब तीन किलोमीटर दूर है।




### प्रदर्शन से ध्यान हटाने का प्रयास

टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा, यह अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में राजभवन के बाहर जारी विरोध प्रदर्शन से जनता का ध्यान हटाने का प्रयास है। लगता है कि भाजपा बढ़ते हुए सार्वजनिक असंतोष को भांप रही है, और वे विमर्श को बदलने के लिए हरसंभव तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह प्रतिशोध की राजनीति का एक स्पष्ट उदाहरण है।

### पहले किया जा चुका है गिरफ्तार

हकीम और मित्रा दोनों को नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में सीबीआई ने 2021 में गिरफ्तार किया था। मित्रा को शारदा चिट फंड घोटला मामले में सीबीआई 2014 में भी गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले, गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामले की जांच के सिलसिले में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवास सहित कई स्थानों की तलाशी ली थी। केंद्रीय जांच एजेंसियों का आरोप है कि 2014 से 2018 के बीच राज्य के विभिन्न नागरिक निकायों ने पैसों के बदले में लगभग 1,500 लोगों को अवैध रूप से नियुक्त किया था। अधिकारियों ने नई दिल्ली में बताया कि अभियान के तहत हकीम और मित्रा के दो-दो परिसरों में तलाशी ली जा रही है। इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए टीएमसी ने कहा कि यह केन्द्रीय निधि की मांग को लेकर राजभवन के बाहर जारी पार्टी के प्रदर्शन से ध्यान हटाने का प्रयास है।

### भाजपा ने आरोपों को किया खारिज

भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, अगर तृणमूल के पास कुछ भी छिपाने जैसा नहीं है, तो वह ईडी और सीबीआई से क्यों भयभीत है। भट्टाचार्य ने कहा, जब भी तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को ईडी और सीबीआई तलब करती है, वे एजेंसियों के राजनीति से प्रेरित होने का आरोप लगाते हैं। फिर भी वास्तविकता यही है कि तृणमूल भ्रष्टाचार में लिप्त है और पार्टी का लगभग हर नेता किसी न किसी आरोप का सामना कर रहा है।


## लद्दाख स्वायत्त विकास परिषद

# कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को बहुमत

**एजेंसी** | जम्मू/लेह

लद्दाख पहाड़ी स्वायत्त विकास परिषद (एलएएचडीसी) करगिल के चुनाव के लिए वोटों की गिनती हो रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन बहुमत हासिल कर लिया है। दोनों ने मिलकर अब तक 17 सीटें जीत ली है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने नौ सीटें जीती हैं जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस ने आठ सीटों पर फतह दर्ज की है। भाजपा ने दो सीटों पर विजय हासिल की है, जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई है। अधिकारियों ने बताया कि चार अक्टूबर को 26 सीटों पर चुनाव हुआ था, जिनमें से अब तक 20 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। प्रशासन 30-सदस्यीय परिषद के लिए चार सदस्यों को मनोनीत करता है और उनके पास मतदान का अधिकार होता है।

चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। केंद्र द्वारा पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने और लद्दाख को केंद्र-शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद करगिल में यह पहला अहम चुनाव है। एलएएचडीसी चुनाव में 77.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।



### जीत की पूरी उम्मीद: फारूक अब्दुल्ला

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने एलएएचडीसी चुनाव को लेकर कहा कि उनकी पार्टी को जीत की पूरी उम्मीद है। वहीं, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को करगिल में अपनी जीत दर्ज करते देखकर खुशी हो रही है। 2019 के बाद यह पहला चुनाव है और लद्दाख के लोगों ने खुलकर अपना मत जाहिर किया है।

## अनुराग ठाकुर ने राहुल पर साधा निशाना, कहा...

# फेल हुए तो कर रहे जाति की बात

**एजेंसी** | हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक बार फिर से विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय के लिए जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल उन्होंने किया वो सब देश के सामने है।

विपक्ष के पास अपना भ्रष्ट चेहरा छिपाने की कोई जगह नहीं है। ठाकुर ने यह भी कहा कि राहुल गांधी जब सरकार और प्रशासन में विफल हो गए तो वो जाति के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल और बिहार में भी सरकार और प्रशासन फेल हो गया है तो भी अब ये जाति का आधार ले रहे हैं। हमारा मानना है कि सबसे बड़ी जाति गरीब है। उन्होंने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि वो गरीबों के हित में निरंतर काम कर रही है। गरीबों को लेकर मोदी सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।



पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने गरीबों के हित और कल्याण में शुरू की गई किसी योजना को जाति, धर्म और सम्प्रदाय विशेष से जोड़कर शुरू नहीं किया। इस वजह से देश की इतनी बड़ी आबादी को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया जा सका है।

## तेलंगाना: केसीआर सरकार ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड

# विकास के लिए लोगों से मांगे और पांच साल

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना की के चंद्रशेखर राव की सरकार ने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश किया है। इस रिपोर्ट कार्ड के मुताबिक तेंलगाना जीडीपी के मामले में देश में तीसरे नंबर पर है तो प्रति व्यक्ति आय के मामले में नंबर -1 पर है।

उन्होंने दावा किया कि मुफ्त बिजली देने के मामले में तेलंगाना पहला राज्य बन गया है। इसी तरह पेयजल, सिंचाई, पेंशन के मामले में रिपोर्ट कार्ड में दर्ज आंकड़े स्वर्णिम तेलंगाना की तस्वीर बनाते हैं। केसीआर ने कहा, तेलंगाना के अलग राज्य बनने का आंदोलन पानी, बिजली और नौकरी की मांग पर शुरू हुआ था। हमने जनता को वह सब दिया जिसका वादा था। अब हम जनता से 5 साल और मांग रहे हैं ताकि विकास की रफ्तार को और बढ़ा सकें। सूत्रों के अनुसार हालांकि रिपोर्ट कार्ड के आंकड़ों में सरकारी नौकरी के मामले में सरकार वादा पूरा नहीं कर पाई लेकिन इस कमी को आईआईटी सेक्टर के आंकड़ों से पूरा करने की कोशिश की है। आंकड़ों के मुताबिक आईआईटी सेक्टर में तेलंगाना, बेंग्लुरू से आगे निकल गया है।



कुल मिलाकर अलग तेलंगाना राज्य हासिल करने और पहली सरकार बनाने के लगभग एक दशक बाद, के. चंद्रशेखर राव का दावा है कि उन्होंने वह हासिल किया है जो स्वतंत्र भारत में कोई भी राज्य नहीं कर सका।

### सिंचाई के लिए सबसे बड़ी योजना चलाई

रिपोर्ट कार्ड के अनुसार सिंचाई पर ध्यान देने से तेलंगाना भारत का अन्न भंडार बन गया। धान उत्पादन में राज्य ने पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ दिया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने बताया कि 2014 में धान का उत्पादन लगभग 70 लाख टन था, लेकिन अब यह 3.5 करोड़ टन हो गया है। गोदावरी नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी लिफ्ट सिंचाई परियोजना कालेश्वरम का निर्माण हुआ, जिससे सिंचाई के तहत क्षेत्र में वृद्धि हुई।

## मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी

# सुरजेवाला का संकेत, कमलनाथ होंगे राज्य में कांग्रेस के सीएम फेस

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों से चुनाव लड़ने के दावेदारों के लिए इंतजार की घड़ियां बढ़ती जा रही हैं। भाजपा में नई सूची का इंतजार हो राह है तो कांग्रेसी पहली सूची के इंतजार में बेचैन हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि सूची श्राद्ध पक्ष के बाद ही संभव लगती है।

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की शनिवार को बैठक थी। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि सूची छह-सात दिन में हारी होगी। सूत्रों के अनुसार चुनाव समिति ने 103 नाम तय कर दिए हैं और कमलनाथ अपनी पारम्परिक सीट छिंदवाड़ा सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, मध्य प्रदेश में कांग्रेस के सीएम फेस को लेकर भी तस्वीर साफ हो रही है। पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि जो भी प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष होता है, वह स्वाभाविक रूप से पार्टी का चेहरा होता है। सुरजेवाला ने कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद यह टिप्पणी की थी। हालांकि, कांग्रेस ने राज्य में सीएम फेस की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन कमलनाथ को ही इसका सबसे प्रबल दावेदार माना जाता है। पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह भी कमलनाथ के नाम की पैरवी कर चुके हैं। ऐसे में कयास यही है कि अगर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो कमलनाथ ही मुख्यमंत्री बन सकते हैं। दूसरी ओर भाजपा के सीएम फेस को लेकर अभी असमंजस बरकरार है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के हाल के बयानों से सीएम फेस को लेकर अटकलें और बढ़ गई हैं।





### ज्योतिरादित्य सिंधिया का कमलनाथ पर सियासी प्रहार

इस बीच, राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हमले तेज हो गए हैं। भाजपा और कांग्रेस के नेता एक दूसरे पर जमकर प्रहार कर रहे हैं। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अपनी 15 महीनों की सरकार में कमलनाथ ने ग्वालियर के विकास के लिए एक चवन्नी नहीं दी थी। उनकी सरकार ने ग्वालियर के विकास के लिए एक भी योजना नहीं बनाई। ज्ञात रहे कि कमलनाथ की तत्कालीन सरकार के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से बगावत कर भाजपा का दामन थाम लिया था। सिंधिया ने शनिवार शाम ग्वालियर में कहा, मैंने 100 बार कमलनाथ को कहा कि ग्वालियर आइए, लेकिन वो मना कर देते थे क्योंकि उन्हें ऐश-ओ-आराम चाहिए था। सिंधिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में शायद ही ऐसा कोई मंत्री बचा हो जो ग्वालियर न आया हो। शायद कोई केंद्रीय मंत्री बचा हो जो ग्वालियर को सौगात देने के लिए यहां न आया हो। हमारे मुख्यमंत्री ने ग्वालियर के लिए पूरे मध्य प्रदेश की तिजोरी खोल दी. चाहे ग्वालियर हो, भिंड हो, श्योपुर या शिवपुरी हो, जो हमने कल्पना की थी, मुख्यमंत्री ने उससे आगे ही कर के दिखाया है।



### भाजपा पर साधा निशाना

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा सरकार में हुए घोटाले गिनाए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सर से पांव तक घोटालों और भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मिलता है शिवराज सिंह सरकार में।

### एलीट मिस राजस्थान के जयपुर में ग्रेंड इवेंट में शामिल हुए फैशन इंडस्ट्री के दिग्गज

# 300 गर्ल्स का रैंप पर रेड जलवा



**बेधड़क, जयपुर।** 'जब मैं जयपुर आई तो मुझे लोगों से ठीक से बात करने में भी डर लगता था। अब स्टेज परफॉर्म करती हूं और ब्यूटी पेजेंट भी जीते हैं। ये सब ग्रूमिंग और सेल्फ कॉन्फिडें से संभव हो पाया है।' यह जर्नी थी एलीट मिस राजस्थान-2023 में आई कई गर्ल्स की, जिन्होंने जयपुर में टैलेंट राउंड व ऑडिशन के दौरान शेयर की। ऐसे ही जब बेटी के साथ मां ने रैंप वॉक किया तो पूरा बैंक्वेज तालियों और हूटिंग से गूंज उठा। मां की कैटवॉक किसी मायने में बेटी से कम नहीं थी। ये सभी नजारे जयपुर में हुए एलीट मिस राजस्थान के इवेंट में देखने को मिले। अजमेर रोड स्थित होटल फर्न में ग्रैंड ऑडिशन इवेंट हुआ, जिसके चीफ गेस्ट जगदीश चंद्र थे। वहीं, 300 से ज्यादा गर्ल्स ने हिस्सा लिया, जिन्हें वहीं शो के पेट्रोन जेडी महेश्वरी और अजीत सोनी के साथ डायरेक्टर्स अनिल भट्टर, नकुल, यशील पैंडल और पी एन डूडी ने मोटिवेट किया।



#### रेड थीम पर आईं रैंप पर

इस दौरान सैकड़ों गर्ल्स पूरे राजस्थान के शहरों से जयपुर में एकत्रित हुईं और रेड ड्रेस पहनकर रैंप पर आईं। किसी ने सवालों से तो किसी ने डांस और कैटवॉक से जजेज को प्रभावित करने की कोशिश की। डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि अब उदयपुर में ऑडिशन होंगे। इससे पहले एक जयपुर और कोटा में इवेंट और ऑडिशन हो चुके हैं। इस दौरान गर्ल्स के साथ उनके पेरेंट्स भी इवेंट में शामिल हुए और उन्होंने अपने अनुभव शेयर किए।

#### पूर्व विनर्स ने बांधा समां

जयपुर में हुए इवेंट में एलीट मिस राजस्थान के पूर्व विनर्स ने रैंप पर आकर अपने एक्सपीरियंस शेयर किए और समां बांध दिया। उन्होंने गर्ल्स को मोटिवेट भी किया। इस दौरान भरतपुर की नैना ने डांस करके जज को इम्प्रेस किया।



फोटो: राजेश कुमावत

## चौमूं में मिस ओसियन वर्ल्ड आज



**बेधड़क. जयपुर।** वर्ल्ड के 12 रैंकिंग पेजेंट मिस ओसियन वर्ल्ड का आयोजन चौमूं पैलेस में किया जाएगा। आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि पेजेंट के कार्यक्रमों में टूरिज्म, कल्चर, हेरिटेज प्रमोशन एक्टिविटीज के साथ कल्चरल एक्सचैंज प्रोग्राम किए जाते हैं। यहां के टूरिज्म कल्चर को प्रमोट करने के लिए मिस ओसियन वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ने चोमूं को चुना। आयोजन में अलग-अलग कंट्रीज की ब्यूटी क्वीन कल्चर हेरिटेज और ट्रेडिशन को प्रमोट करती नजर आएंगी। थीम क्लीन और पॉल्यूशन फ्री ओसियन है। 7 दिन के आयोजन में 9 अक्टूबर को गाउन फोटो शूट के साथ पैलेस मे मॉडल्स क्लीन ओसियन का मैसेज देंगी। 10 अक्टूबर को जयपुर सिटी टूर में टूरिज्म कल्चर और हेरिटेज को वर्ल्ड के सामने प्रेजेंट किया जाएगा। प्री-फिनाले का आयोजन चौमू पैलेस में 12 अक्टूबर को 14 को ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा।

## रेखाओं में संजोया आर्किटेक्चर



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल में आयोजित कला प्रदर्शनी पिंक फेस्ट आर्ट वोग में कलाकार जतिन दास ने कला प्रेमियों के मध्य लाइव प्रदर्शन में रेखाओं द्वारा पोट्रेट का सजीव चित्रण किया। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। सत्यजीत तालुकदार के अनुसार इस मौके पर उपस्थित कलाकार धर्मेंद्र राठौड़, प्रफेसर चिन्मय मेहता, प्रोफेसर भवानी शंकर शर्मा, टिम्मी कुमार, अजय कुमार समीर, विनय शर्मा, जगमोहन मथोड़िया, जगदीश प्रसाद व उमाकांत ने केनवास पर रेखाओं से खेलते हुए कई तरह की आकर्षक कृतियों का चित्रांकन किया। प्रदर्शनी के दौरान कई तरह की आर्ट एक्टिविटी वर्कशाप आयोजित की गई जिसमें युवाओं ने भाग लिया।

## जल्द बनेगा जीकेप का भवन



**बेधड़क. जयपुर।** गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद (जीकेप) की रविवार को पायलट भवन में बैठक हुई। बैठक में मुख्य सलाहकार पीएस वर्मा, मार्गदर्शक आर के गुर्जर, संस्थापक रामफूल गुर्जर, मुख्य संरक्षक गौरव बजाड़, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर, महासचिव हंसराज गुर्जर, कोषाध्यक्ष जगदीश चेची, राजस्थान मीडिया हेड रामेश्वर गुर्जर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। जीकेप को जमीन आवंटन होने पर सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और संस्था के वरिष्ठ लोगों का आभार जताया। संस्था के मुख्य संरक्षक गौरव बजाड़ ने कहा कि सरकार द्वारा जो जमीन आवंटन की गई है, उस पर जल्द ही भवन का निर्माण करवाया जाएगा। परिषद के प्रदेश महासचिव हंसराज गुर्जर ने कहा कि जीकेप परिवार सभी जिलों में गति से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में जीकेप परिवार एक विशाल होगा।

## फिल्म विकास बोर्ड की मांग



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फिल्म डवलपमेंट कार्पोरेशन बोर्ड बनाने की मांग करते फिल्म निर्माता एवं अभिनेता राज जांगिड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का सात सुत्रीय ज्ञापन जन अभाव निराकरण समिति के चेयरमैन पुखराज पाराशर को सौंपा। जांगिड ने ज्ञापन में बताया कि बोर्ड का गठन होने से राजस्थानी सिनेमा से जुड़े तकनीशियनों, कर्मचारियों, फिल्मकारों और कलाकारों को लाभ मिलेगा। राजस्थानी फिल्में बनना शुरू होगी, जिससे राजस्थान की संस्कृति, संस्कार और भाषा के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा व लाखों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। पुखराज पारासर ने बताया कि राज्य सरकार ने कला और साहित्य तथा सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए 25 लाख की सब्सिडी और राजस्थानी फिल्मों की शूटिंग राज्य में फ्री करने सहित कई सारी योजनाओं सहित सिनेमा के विकास को लेकर गहलोत सरकार के नेतृत्व में नई नीति बनाई गई है। बोर्ड पर भी सरकार जरूर विचार करेगी।

# City इवेंट्स

## जेएसजी क्रिकेट प्रीमियर लीग शुरू



**बेधड़क, जयपुर।** एसजे पब्लिक स्कूल में जेएसजी क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 108 टीमों के 1186 प्लेयर्स दमखम दिखाएंगे। जैन सोश्यल ग्रुप्स नार्दन रीजन चेयरमैन महेन्द्र सिंघवी व सचिव सिद्धार्थ जैन ने बताया कि क्रिकेट के महाकुंभ का बिरेन शाह फैडरेशन अध्यक्ष-इलेक्ट, मुख्य अतिथि अशोक परनामी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा व रीजन संस्थापक चेयरमैन राकेश जैन ने किया। टूर्नामेंट होस्ट ग्रुप जेएसजी यूनिवर्स अध्यक्ष दीक्षांत हाडा और सचिव अंकुर जैन ने बताया कि मुख्य आकर्षण ट्रॉफी का अनावरण रहा, जिसे 3000 अतिथियों व दर्शकों ने सराहा। मुख्य समन्वयक महेन्द्र गिरधरवाल ने बताया कि कुल 236 मैचों में लगभग 1186 पुरुष-महिलाएं और बच्चे भाग लेंगे।

## बच्चों ने लगाई कपड़ों की स्टाल



**बेधड़क, जयपुर।** किशोरों ने आत्म निर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए अपना कपड़ों का ब्रांड मे-डे लॉन्च किया। साथ ही अपना उत्पाद शोकेस करने के लिए स्टाल भी लगाई। यह इवेंट क्यूज टेपरूम कैफे में 2 बजे शुरू हुआ जो रात्रि के 8 बजे तक चला। बच्चों की टीम द्वारा कई मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। आयोजक पीयूष सोभनी, लक्ष्य सैनी, गर्व ने बताया कि मॉडल भविषा सोभनी व उनिकी टीम भी इस मौके पर मौजूद रही।

## जीवन में सही चुनाव अहम



**बेधड़क, जयपुर।** मुरलीपुरा स्थित बीकन पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव 'सृजन' 2023 सीकर रोड स्थित कृष्णा पेराडाइज में मनाया गया। मुख्य अतिथि पीसीसी कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता कटेवा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 'कलर्स ऑफ लाइफ' थीम पर केसरिया, लाल, पीला, नीला, हरा, गुलाबी आदि रंगों का जीवन में महत्व समझाते हुए विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। समारोह का मुख्य आकर्षण 'चुनाव आपका' नामक नाट्य की प्रस्तुति रही, जिसके माध्यम से जीवन में सही चुनाव को अहम बताया गया। अंत में विद्यालय निदेशक अभिषेक पाटनी ने आभार प्रकट किया।

### बैंक्वेट हॉल द क्राउन में पांच नवंबर को होगा ऑक्शन

# खिलाड़ियों ने डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के ट्रायल में दिखाया दम



**बेधड़क** | जयपुर

निविक हॉस्पिटल डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग (डीबीएल) के पांचवें संस्करण के ट्रायल्स रविवार से शुरू हुए। स्पोफिट अकादमी में होने वाली इस लीग में चयन के लिए जयपुर और बाहर के डॉक्टर्स और उनके परिजनों ने दम दिखाया।

लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का ऑक्शन बैंक्वेट हॉल द क्राउन में पांच नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जहां बोली द्वारा अलग-अलग टीमों में खिलाडियों को बांटा जाएगा। लीग सेक्रेटरी डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि निविक हॉस्पिटल के डायरेक्टर वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. सोनदेव बंसल ने ट्रायल्स में उभरती प्रतिभाओं का सम्मान भी किया। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस बार लीग में किड्स कैटेगरी, बॉयज कैटेगरी, गर्ल्स कैटेगरी और पुरुष कैटेगरी में प्रतिष्ठित हॉस्पिटलस की टीमें भाग लेंगी। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. निधि पूनिया ने बताया कि इसके साथ ही 'बैडमिंटन जोड़ी ऑफ द ईयर' में डॉक्टर दम्पती तथा मलंग जोड़ी एवं दबंग जोड़ी वर्ग में भी डॉक्टर्स भाग लेंगे। लीग जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि लीग में जयपुर व जयपुर के बाहर के लगभग चार सौ खिलाड़ी भाग लेंगे।

## वार्षिक उत्सव में बाबा श्याम को भजनों से रिझाया



**बेधड़क. जयपुर।** श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति का 31वां वार्षिक उत्सव रविवार को भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। उत्सव के आखिरी दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें वैभव गहलोत, गोकुल माहेश्वरी, शंकर झालानी, सुरैश पाटोदिया व अन्य लोग मौजूद रहे और खाटू श्याम के भजनों का आनंद लिया और बाबा का आशीर्वाद लिया।

समाज सेवी गोकुल माहेश्वरी ने बताया कि भजन संध्या में गायकों ने अपने-अपने तरीके से भजनों में खाटू वाले बाबा को रिझाया। भजन सुनकर संध्या में आए भक्तों का मन प्रफुल्लित हो गया। साथ ही लोगों ने डांस और भजनों को गुनगुनाते हुए बाबा को रिझाया।

**वेलनेस फेस्ट** | बॉलीवुड सेलिब्रिटीज उत्कर्ष शर्मा, वरुण शर्मा ने शेयर किए अनुभव

# दिमाग में मच जाए गदर तो ऐसे में पेशेंस से काम लें

**बेधड़क** | जयपुर

दिमाग में मचे गदर के प्रेशर को कम करने की प्रैक्टिस करें। सुसाइड जैसी चीज न करें, क्योंकि आपके मेंटली प्रेशर से बड़ा प्रेशर वो प्रेशर होगा, जो आप अपने अपने पेरेंट्स को दे जाएंगे। यह बात गदर फेम उत्कर्ष शर्मा ने एसके फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था की ओर से आयोजित एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट में कही। बॉलीवुड एक्टर उत्कर्ष शर्मा के अलावा फुकरे फेम वरुण शर्मा और पीयूष मिश्रा, राजेंद्र सेतिया के सेशन हुए। साथ ही डॉ. बीआर बगड़िया, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. बिस्वरूप राय चौधरी और आईजी विकास कुमार ने अलग-अलग विषयों पर राय रखी।

एसके डबल्यूएचडब्ल्यूएफ सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा और नरिशंत शर्मा ने बताया, कि 48 सेशंस और वर्कशॉप हुई। शाम को भांगड़ा जुंबा डांस किया गया, जिसको वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए एप्लाई किया है। आयोजन समिति चेयरमेन अमित अग्रवाल और संस्कृति युवा संस्था अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया, कि दूसरे दिन की शुरुआत सुबह योग गुरु ढाकाराम द्वारा ओशो डायनेमिक मेडिटेशन के साथ हुई।



#### सिक्स पैक होते तो चूचा नहीं होता

फुकरे फेम वरुण शर्मा ने सेशन 'फुकरी जिंदगी जीने का अपना तरीका' में बताया, कि बचपन से ही तय कर रखा था, कि एक्टर बनना है। अगर सिक्स पैक एब्स पर ध्यान देता तो आज चूचा नहीं बनता।

### शूटिंग में झपकी आई तो पापा ने मारा चांटा

गदर फेम उत्कर्ष शर्मा ने सेशन गदर से वेलनेस तक में अनुभव शेयर किए। उन्होंने बताया कि गदर-1 में आना मेरे लिए एक्सीडेंटल था। उस समय ऐसा बच्चा चाहिए था जो छोटे मोटे स्टंट कर ले और स्कूल से छह महीने की छुट्टी ले सके। ऐसे में पिता अनिल शर्मा ने मुझे ले लिया। हालांकि, गदर के बाद मैंने पढ़ाई को ही इंपोर्टेंस दी। उन्होंने वाकया सुनाया कि गदर वन की लखनऊ में 72 घंटे से लगातार शूटिंग कर रहे थे। एक सीन में सनी देओल और अमरीश पुरी के साथ मैं भी था। सीन के दौरान मुझे झपकी आ गई तो पापा ने चांटा मार दिया।

समय के साथ प्रत्येक वस्तु ढलने लगती है, केवल हमारा व्यवहार और सत्कर्म ही कभी बूढ़े नहीं होते।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




### इजराइल पर हमास का हमला: इजराइल का भी जवाब... दोनों तरफ से गोलाबारी जारी, सैकड़ों मौतें... हजारों घायल

# 600 से ज्यादा लोगों की मौत, 750 से अधिक लापता







**एजेंसी** | यरूशलम

हमास के चरमपंथियों ने शनिवार को एक प्रमुख यहूदी छुट्टी के दौरान सुबह एक अभूतपूर्व अचानक हमले में गाजा पट्टी के निकट इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागे और वहां दर्जनों लड़ाके भेजे। हमास का यह हमला इजराइल में पिछले कुछ वर्षों में सबसे घातक हमला बन गया है। इस घातक हमले में रविवार तक 600 से अधिक इजरायली नागरिकों की मौत हो गई है, जबकि 750 से ज्यादा लापता बताए जा रहे हैं।

इधर, इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी का कहना है कि सेना ने शनिवार से शुरू हुई लड़ाई के दौरान दक्षिणी इजराइल और गाजा पट्टी में 400 से अधिक फिलिस्तीनी आतंकियों को मार डाला और दर्जनों को पकड़ लिया। फिलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने माना है कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में 232 लोग मारे गए हैं और 1,610 घायल हुए हैं। वह 14 मंजिला रिहायशी टावर भी तबाह हो गया, जिसमें हमास का कार्यालय भी स्थित है।

### तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज में गिरावट

हमास के हमले के बाद तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज में गिरावट आई है। ब्लू-चिप कंपनियों का टीए-35 स्टॉक इंडेक्स 4.8 फीसदी गिर गया, बेंचमार्क टीए-125 इंडेक्स 5 फीसदी गिर गया। पांच सबसे बड़े बैंकों का टीए-बैंक सूचकांक 6.3 फीसदी गिर गया।

### एयर इंडिया ने तेल अवीव की उड़ानों को रोका

एयर इंडिया ने 14 अक्टूबर तक के लिए तेल अवीव के लिए अपनी सभी उड़ानों पर रोक लगा दी है। एयरलाइंस ने कहा कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 14 अक्टूबर, 2023 तक निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया उन यात्रियों को हर संभव मदद देगी, जिन्होंने इस समय के दौरान किसी भी उड़ान में बुकिंग कराई है।

### 400 से अधिक हमास लड़ाकों को मारा: दावा

इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी का कहना है कि सेना ने कल से शुरू हुई लड़ाई के दौरान दक्षिणी इजराइल और गाजा पट्टी में 400 से अधिक फिलिस्तीनी आतंकियों को मार डाला और दर्जनों को पकड़ लिया।

### FPI: विदेशी निवेशकों का जोखिम से बचने का प्रयास

# निकाले 8 हजार करोड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने डॉलर की बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि के कारण अक्टूबर के पहले सप्ताह में 8,000 करोड़ रुपए की इक्विटी बाजार में बेच दी। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध विक्रेता बने रहे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपए निकाले थे।

एफपीआई मार्च से अगस्त तक पिछले छह महीनों में लगातार लिवाली कर रहे थे और इस अवधि के दौरान 1.74 लाख करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में आए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आने वाले वक्त में डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के संदर्भ में एफपीआई के जल्द बाजार में खरीदार बनने की संभावना नहीं है। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने छह अक्टूबर तक 8,000 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। भारत इस साल एफपीआई को आकर्षित करने में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन सितंबर में बिकवाली देखी गई और अक्टूबर की शुरुआत भी इसी रुझान के साथ हुई है। जाहिर है, सभी अभी बिकवाली में लगे हैं।



### अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में सामान्य से कम मानसून और मुद्रास्फीति पर इसका असर घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए भी चिंता का विषय है, जिसे विदेशी निवेशक भी जानते होंगे। एफपीआई की बिकवाली की भरपाई घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की खरीदारी से हुई। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने देश के बॉन्ड बाजार में 2,081 करोड़ रुपए का निवेश किया। इसके साथ ही इस साल अब तक इक्विटी में एफपीआई का कुल निवेश 1.12 लाख करोड़ रुपए और बॉन्ड बाजार में 31,200 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

### आर्थिक वृद्धि के बारे में बढ़ती चिंताएं जिम्मेदार

मॉर्निंगस्टार इंडिया में सहायक निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने इस बिकवाली के लिए अमेरिका और यूरोजोन में आर्थिक अनिश्चितताओं के साथ वैश्विक आर्थिक वृद्धि के बारे में बढ़ती चिंताओं को जिम्मेदार ठहराया। इस परिदृश्य ने विदेशी निवेशकों को जोखिम से बचने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, महंगाई के स्थिर आंकड़ों, उम्मीद से अधिक समय तक ब्याज दर ऊंचे स्तर पर बने रहने की आशंका से विदेशी निवेशकों ने 'इंतजार करो और देखो' का रुख अपनाया।

### कनाडा में भी हमास के समर्थन में जश्न

**टोरंटो।** कनाडा की पोल तब खुल गई, जब टोरंटो में हमास के समर्थन में झंडे लहराए गए और जश्न मनाया गया है। कनाडा में हमास आतंकी संगठन का समर्थन करने वाले लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं। बता दें ट्रूडो ने आतंकी निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर मढ़ा था जिसे भारत ने बेतुका और मनगढ़ंत करार दिया था।

## 8 साल के बच्चे से चिढ़ा है चीन

**एजेंसी** | बीजिंग

मंगोलिया में एक रईस परिवार में जन्मा बच्चा इन दिनों चीन की आंख की किरकिरी बना हुआ है। चीन चाहता है कि वह कैसे भी इस बच्चे की कस्टडी अपने पास ले ले, लेकिन मंगोलिया इसे होने नहीं दे रहा।



दरअसल, इस बच्चे को तिब्बती बौद्ध के तीसरे सबसे बड़े धर्म गुरु 10वें खलखा जेटसन धम्पा रिनपोछे का पुनर्जन्म माना जा रहा है। इस बच्चे को यह दर्जा खुद दलाई लामा ने दिया है। अब यह बच्चा दलाई लामा और पंचेन लामा के बाद बौद्ध धर्म का तीसरा सबसे बड़ा धर्मगुरु बन गया है। इस बच्चे की उम्र 8 साल बताई जा रही है। बौद्ध धर्म में धर्मगुरुओं के पुनर्जन्म का खास महत्व है। इस बच्चे को तिब्बती धर्मगुरु के रूप में मान्यता देने का समारोह हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित किया गया था।

### मलेरिया का हो जाएगा खात्मा!

# आर21/मैट्रिक्स वैक्सीन है गेमचेंजर

**एजेंसी** | लंदन

एक नए टीके को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंजूरी दी है, जिसके बारे में वैज्ञानिकों का दावा है कि यह मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में गेमचेंजर साबित होगा। इस बीमारी से हर साल अफ्रीका में 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। परीक्षणों से पता चला है कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ मिलकर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित आर21/मैट्रिक्स वैक्सीन मलेरिया को 75 प्रतिशत तक कम करती है। इसका निर्माण सस्ते में और बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। कन्वर्सेशन वीकली ने इस क्रांतिकारी वैक्सीन के बारे में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जेनर इंस्टीट्यूट के निदेशक और मुख्य अन्वेषक एड्रियन हिल से बात की।



### लगभग 75 प्रतिशत प्रभावकारिता दिखी

मलेरिया के मामलों में कमी की गणना करके लगभग 75 प्रतिशत प्रभावकारिता देख रहे हैं। इससे पहले का सबसे अच्छा टीका एक वर्ष में लगभग 50 प्रतिशत था और तीन वर्षों में उससे कम था। यह एक भौतिक सुधार है लेकिन यह मुख्य सुधार नहीं है। इसमें बड़ा अंतर यह है कि आप इसे उस पैमाने पर कैसे निर्मित कर सकते हैं, जो वास्तव में अफ्रीका में उन अधिकांश बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, जिन्हें मलेरिया के टीके की आवश्यकता है।

### अफ्रीका में मलेरिया सर्वाधिक

अफ्रीका के मलेरिया प्रभावित इलाकों में हर साल लगभग 40 मिलियन बच्चे पैदा होते हैं, जिन्हें टीके से लाभ होगा। हमारा टीका 14 महीनों में चार खुराक वाला है, इसलिए आपको लगभग 160 मिलियन खुराक की आवश्यकता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, हमारा विनिर्माण और वाणिज्यिक भागीदार, हर साल इस वैक्सीन की करोड़ों खुराक का उत्पादन कर सकता है, जबकि पिछली वैक्सीन का निर्माण 2023 से 2026 तक प्रति वर्ष छह मिलियन खुराक के पैमाने पर किया जा सकता है।

### पाकिस्तान में हिंदू लड़की का अपहरण और दरिंदगी

# गैंगरेप करने के बाद रेगिस्तान में मर्डर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कश्मीर को लेकर संयुक्त राष्ट्र में गिड़गिड़ाने वाले पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति काफी भयावह होती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार चोलिस्तान रेगिस्तान के कासिम वाला बंगला में एक हिंदू लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।



इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। डेरावेर पुलिस स्टेशन के प्रवक्ता के मुताबिक, तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि लड़की का पोस्टमॉर्टम हो चुका है और रिपोर्ट आनी बाकी है। रिपोर्ट के अनुसार लड़की के पिता ने कहा कि जब वह आधी रात को रेगिस्तान में शौच के लिए गई थी, तभी उसका अपहरण कर लिया गया। गुरुवार को उसका शव भुट्टा नहर के पास पड़ा मिला। पाकिस्तान में हिंदू महिलाओं का जबरन धर्म परिवर्तन, बलात्कार और जबरन विवाह हाल ही में पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा कर दिया है। देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण पाक में धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति भेदभावपूर्ण नीतियों की निंदा की जा रही है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl